कोटद्वार, मंगलवार
10 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 135 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### यूजेवीएनएल ने बिजली उत्पादन में बनाया नया रिकॉर्ड

देहरादून। उत्तराखंड जल विद्युत निगम ने बिजली उत्पादन में नया रिकॉर्ड बनाया है। 25 अगस्त 2024 को 26.015 एमयू के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए आठ सितंबर को 26.07 एमयू बिजली उत्पादन किया। 2024 ऐसा साल है, जब यूजेवीएनएल की जल विद्युत परियोजनाओं ने पहली बार 26 मिलियन यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया। पहले अधिक से अधिक बिजली उत्पादन 25 मिलियन यूनिट के आस पास ही रहता था। 26 मिलियन यूनिट से अधिक का बिजली उत्पादन 25 अगस्त को ही हुआ था। ठीक 14 दिन बाद यूजेवीएनएल ने अपने पुराने बिजली उत्पादन के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए 26.07 एमयू बिजली उत्पादन किया। एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल ने बताया कि जल विद्युत परियोजनाओं के बेहतर संचालन के कारण ही ये रिकॉर्ड संभव हो पा रहा है। रिकॉर्ड बिजली उत्पादन के साथ ही पॉवर प्लांट को सुरक्षित रखने में भी सफलता हासिल की गई है। पानी के तेज बहाव, गाद से पॉवर प्लांट को नुकसान भी नहीं पहुंचने दिया जा रहा है। निदेशक ऑपरेशन एके सिंह ने इसका श्रेय कर्मचारियों की मेहतन और सतर्कता को दिया।

### ट्रेन की चपेट आई बजुर्ग महिला और युवक की मौत

देहरादून। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर अलग–अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आई बुजुर्ग महिला और युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि पायला देवी (उम्र 64 वर्ष) निवासी खदरी मोहल्ला, सहारनपुर रोड रविवार को डिफेंस कॉलोनी फाटक के पास रेलवे ट्रैक क्रास करते वक्त ट्रेन की चपेट में आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। दूसरी घटना सोमवार सुबह अजबपुर रेलवे फटक के पास हुई। यहां अजबपुर निवासी शौकीन (उम्र 22 वर्ष) घर से कुछ दूरी पर ट्रेन की चपेट में आया। शौकीन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शौकीन अविवाहित था।

### प्रधानाचार्य भर्ती न रोकी तो परीक्षा केंद्रों को बंद कराएंगे शिक्षक

देहरादून। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के खिलाफ शिक्षक राजकीय शिक्षक संघ के आंदोलन का चौथा चरण शुरू हो गया। सोमवार को संघ के प्रदेश और मंडलीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। संघ अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानाचार्य के पद शत प्रतिशत प्रमोशन के पद हैं। यदि 50 प्रतिशत पदों पर सीधी विभागीय भर्ती को नहीं रोका गया तो शिक्षक 29 सितंबर को परीक्षा केंद्रों पर जाकर उन्हें बंद कराएंगे। सुबह करीब 11 बजे संघ अध्यक्ष चौहान के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी निदेशालय में एकत्र हुए और वहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन के बाद धरने पर बैठ गए। चौहान, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, जगदीश बिष्ट, लक्ष्मण सिंह सजवान, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल आदि ने कहा कि सीधी भर्ती का फैसला गलत है। प्रधानाचार्य के पद प्रमोशन के पद हैं। यदि सरकार सभी पदों को भरना चाहती है तो प्रमोशन प्रक्रिया को शुरू करें। चौहान ने कहा कि हाईस्कूल प्रधानाध्यापक के शत प्रतिशत भरते हुए वर्ष 2016 के अनुसार इंटर कालेज में डाउनग्रेड प्रधानाचार्य की नियुक्ति की जा सकती है। यदि सरकार ने भर्ती के निरस्त न किया तो कल से क्रमिक अनशन शुरू होगा और 14 सितंबर से आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा। धरना स्थल पर हुई बैठक में भर्ती परीक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि लोक सेवा आयोग ने इस भर्ती की परीक्षा के लिए 29 तारीख तय की है।

### बाइक के सामने कुत्ता आने से छात्र समेत दो की मौत

काशीपुर। यूपी के कमालपुरी गांव के पास रविवार देर रात बाइक के सामने कुत्ता आने से एक छात्र समेत दो की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका काशीपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक, रविवार रात करीब आठ बजे नगर पंचायत महुआडाबरा निवासी 17 वर्षीय अमन पुत्र टोनी, 32 वर्षीय अशोक पुत्र बुद्ध सिंह, इलुआ पुत्र गफूर शाह यूपी के ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम डिलारी में लगे दोयज के मेले में गए थे। रात 11 बजे तीनों घर लौट रहे थे। ग्राम कमालपुरी के निकट अचानक सामने कुत्ता आ जाने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

---

नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे सीबीआई

# कोलकाता केस में सुप्रीमकोर्ट ने दिया एक हफ्ते का समय

**आज होगी अगली सुनवाई**




नई दिल्ली , कोलकाता के आर जी कर मेडिकल अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल सरकार ने अस्पताल में हुई तोडफ़ोड़ के मामले में कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। वहीं, सीबीआई ने मामले में अभी तक की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए सीलबंद लिफाफे में पेश की गई रिपोर्ट की समीक्षा की। बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि हमने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट पेश की है। डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से 23 लोगों की मौत हुई है। वहीं, सीबीआई की ओर से मामले में पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार सीबीआई से क्या छिपाना चाहती है हमें पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से दाखिल जवाब की कॉपी नही मिली है।पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि हमने जवाब की कॉपी सिर्फ कोर्ट में जमा की है। हमने सीबीआई को अभी तक कॉपी नही दी है। सिब्बल ने कहा डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से जब डॉक्टर अस्पताल में काम नही कर रहे थे, उस दौरान 23 लोगो की इलाज नहीं मिलने से मौत हो गई। सॉलिसिटर मेहता ने कहा कि हमारे पास फॉरेंसिक रिपोर्ट है। जब सुबह 9.30 बजे डेड बॉडी मिली। वह अर्द्धनग्न अवस्था में थी। शरीर पर चोट के निशान थे। ये बेहद गंभीर मामला है। उसके बाद सीबीआई ने तय किया कि घटनास्थल और शव से मिले सैंपल एम्स भेजे जाएं। ऐसे में सैंपल किसने लिए हैं, कैसे लिए हैं। ये जानना जरूरी हो जाता है। इस मामले पर पेश स्टेटस रिपोर्ट पर गौर करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछा कि प्रिंसिपल का घर अस्पताल से कितनी दूर था इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि उनका घर अस्पताल से कम से कम 15 से 20 मिनट की दूरी पर है।

## जम्मू–कश्मीर के नौशेरा में दो आतंकी ढेर, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

श्रीनगर , जम्मू–कश्मीर के नौशेरा में एलओसी पर सतर्क सेना के जवानों ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। जवानों ने घुसपैठ कर रहे 2 आतंकियों को मार गिराया। आतंकियों के पास से दो एके–47, एक पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में खुफिया एजेंसियों और पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर 8 और 9 सितंबर की रात को लाम सेक्टर में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान दो आतंकियों को मार गिराया गया है। उनके पास से अब तक दो एके–47 और एक पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद की गई है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद जवानों ने इलाके में रोशनी की और पूरी रात कड़ी निगरानी रखी। सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। बता दें कि जम्मू–कश्मीर में 18 सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट पर हैं।

# हल्द्वानी दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने मांगी आपत्ति

**दो हफ्ते बाद होगी सुनवाई**



नैनीताल। हल्द्वानी दंगा मामले के प्रमुख आरोपी अब्दुल मलिक की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से आपत्तियां पेश करने को कहा। कोर्ट ने आपत्तियां पेश करने के लिए दो हफ्ते की डेडलाइन भी तय की है। इस मामले में दो हफ्ते बाद सुनवाई होगी। एकलपीठ से जमानत प्रार्थना पत्र खारिज होने के बाद आरोपी की ओर से न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में जमानत याचिका दाखिल की गई है।

गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी बनाए गए अब्दुल मलिक की ओर से कहा गया कि उस पर लगाये आरोप गलत हैं। वह घटना के दिन मौके पर मौजूद नहीं था। उस पर यूएपीए और अन्य धारायें गलत लगाई गई हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से इस मामले में आपत्ति दर्ज की गई और जवाब पेश करने के लिए समय की मांग की गई। अदालत ने सरकार को दो हफ्ते में आपत्ति पेश करने को कहा है। आरोपी की ओर से दिग्गज वकील सलमान खुर्शीद ने पक्ष रखा।

न्यूज एजेंसी आरएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, हल्द्वानी सत्र न्यायाधीश आरोपी की जमानत अर्जी को खारिज कर चुका है। इसके बाद आरोपी की ओर से हाईकोर्ट की एकलपीठ में अपील की गई। सरकार की ओर से अपील का विरोध करते हुए कहा गया कि यूएपीए के तहत अपील सुनने का अधिकार एकलपीठ को नहीं है। खंडपीठ इस पर सुनवाई कर सकती है। इसके बाद एकलपीठ ने आरोपी की अपील को खारिज कर दिया।

उल्लेखनीय है कि इसी साल 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में सरकारी जमीन पर से अतिक्रमण हटाने के दौरान दंगा भड़क गया था। एक समुदाय विशेष के लोगों ने बनभूलपुरा थाना में आगजनी, तोड़फोड़ और हथियारों से हमला कर दिया था। पुलिस के अनुसार, इस दौरान 5 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने लगभग 100 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी पर पुलिस की ओर से अलग–अलग तीन अभियोग दर्ज किए गए हैं। इन्हीं में से एक मामले में यूएपीए भी शामिल है।

# उत्तराखंड में अब सिर्फ ऑन लाइन होगा डॉक्टरों का पंजीकरण



देहरादून। उत्तराखंड में एमबीबीएस डॉक्टरों का पंजीकरण अब सिर्फ ऑन लाइन ही होगा। उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल ने नियमों में बदलाव करते हुए ऑफ लाइन पंजीकरण की व्यवस्था बंद कर दी है। विदित है कि किसी भी मेडिकल प्रैक्टिशनर के लिए राज्य मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण कराना जरूरी होता है। उसके बाद ही डॉक्टर मरीजों का इलाज कर सकते हैं। अभी तक राज्य में डॉक्टरों को पंजीकरण कराने के लिए उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल के कार्यालय में जाकर ऑफ लाइन पंजीकरण कराना होता था। इसमें लंबा समय लगने के साथ ही डॉक्टरों को चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन अब मेडिकल काउंसिल ने नियमों में बदलाव कर दिया है। इसके तहत डॉक्टर सिर्फ ऑन लाइन ही पंजीकरण के लिए आवेदन करेंगे। काउंसिल उनका ऑन लाइन ही वेरिफिकेशन करेगी और उसके आधार पर ही उनका पंजीकरण किया जाएगा। उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ सुधीर पांडेय ने बताया कि काउंसिल ने पंजीकरण के नए नियम लागू कर दिए हैं और इसके तहत अधिकतम 20 दिन में डॉक्टरों को पंजीकरण मिल जाएंगे।

दस्तावेज सत्यापन के लिए भी ऑफिस आने की जरूरत नहीं : काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ सुधीर पांडेय ने बताया कि पंजीकरण कराने के बाद डॉक्टरों को डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के लिए भी काउंसिल में आने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मूल दस्तावेजों का वेरिफिकेशन भी ऑन लाइन ही किया जाएगा। यदि किसी के डॉक्यूमेंट ठीक से अपलोड नहीं होंगे तो पंजीकरण को रद्द कर दिया जाएगा और फिर उन्हें नए सिरे से ऑन लाइन ही आवेदन करना होगा।

## भारत में मिला एमपॉक्स का पहला संदिग्ध केस, मरीज किया गया आइसोलेट

नई दिल्ली , भारत में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का पहला संदिग्ध मामला रिपोर्ट हुआ है। संदिग्ध मरीज एक युवक है, जिसने हाल ही में ऐसे देश की यात्रा की थी जहाँ एमपॉक्स के मामले सामने आए हैं। युवक को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है और उसे आइसोलेशन में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युवक की हालत स्थिर है और उसके एमपॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि के लिए सैंपल लिया गया है।

इस सैंपल की जांच की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में किसी भी अनावश्यक चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है और देश इस तरह के मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारत ने यात्रा संबंधी मामलों के प्रबंधन और संभावित जोखिमों को कम करने के लिए मजबूत उपाय किए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 12 अफ्रीकी देशों में एमपॉक्स प्रकोप को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित किए जाने के तीन सप्ताह बाद भारत में यह संदिग्ध मामला सामने आया है।

अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र और डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को एमपॉक्स प्रकोप के लिए एक योजना की शुरुआत की। अफ्रीका ष्टष्टष्ट के महानिदेशक डॉ. जीन कासेया ने बताया कि लगभग 600 मिलियन डॉलर की बजट वाली छह महीने की इस योजना में निगरानी, प्रयोगशाला परीक्षण और सामुदायिक सहभागिता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# हिमालय संरक्षण के लिए गठित होगी विशेष कमेटी : सीएम




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हिमालय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के सरोकारों से जुड़े विषयों के लिए महानिदेशक यूकॉस्ट दुर्गेश पंत के संयोजन में एक कमेटी बनाई जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने यूकॉस्ट द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय पांचवें देहरादून, अन्तरराष्ट्रीय साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फैस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव 06 जनपदों देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ स्थित इंजिनियरिंग कॉलेजों में किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सभी को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं दी और हिमालय के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे लोगों का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर वर्ष 02 सितम्बर को बुग्याल संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। देहरादून में भी इस वर्ष तापमान में काफी वृद्धि हुई। अगर तापमान इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले समय के लिए चिंताजनक है। हमें हिमालय, जल और जंगल के संरक्षण की दिशा में मिलकर प्रयास करने हैं, सोचना होगा कि अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में क्या देकर जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमने तमाम आपदाएं देश–दुनिया मे देखी हैं। इस बार भी हमारे प्रदेश में कई जगह आपदा आई। पिछले साल हमने आपदाओं पर वर्ल्ड कांग्रेस का आयोजन भी किया। 29 नवंबर 2023 को यह आयोजन हुआ था और उसी दिन सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था। उन्होंने कहा कि जब 17 दिन तक रेस्क्यू चल रहा था तो बहुत बार लगता था कि आज ब्रेक थ्रू होगा लेकिन कुछ न कुछ अड़चन आती रही। दुनिया भर की तकनीक उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से हमें मिली और आखिरकार हम सभी को सकुशल बाहर निकालने में सफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय दिवस का यह आयोजन केवल एक सप्ताह का कार्य नहीं होना चाहिए बल्कि प्रत्येक दिन हमें प्रकृति को बचाने का कार्य करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के महत्व को हमें नई तरह से समझने की जरूरत है। जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्यूवनेशन अथॉरिटी का गठन किया गया है।

# भारतीय कंपनियों के इजरायल को हथियार निर्यात में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार



नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें गाजा के साथ चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों के निर्यात के लिए विभिन्न भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने और नये लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुसार रक्षा और विदेश मामलों का संचालन करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र केंद्र सरकार के पास है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 162 के अलावा संविधान के अनुच्छेद 253 के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि संसद के पास किसी भी अंतर्राष्ट्रीय समझौते, सम्मेलन या संधि को लागू करने के लिए पूरे भारत संघ या उसके हिस्से के संबंध में कोई भी कानून बनाने की शक्ति है। पीठ ने कहा, हम सरकार से यह नहीं कह सकते कि आप किसी देश को निर्यात नहीं करेंगे या आप किसी विशेष कंपनी को सैन्य उपकरण निर्यात करने वाली सभी कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर देंगे। यह राष्ट्रीय नीति का मामला है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि याचिका में मांगी गई निषेधाज्ञा राहत से अनिवार्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों और समझौतों का उल्लंघन होगा। उसने स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणियों का उद्देश्य केंद्र सरकार या किसी संप्रभु राष्ट्र द्वारा विदेश नीति के संचालन पर कोई राय देना नहीं है। जनहित याचिका में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के एक हालिया फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें गाजा पट्टी में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के उल्लंघन के लिए इजरायल के खिलाफ अनंतिम उपायों का आदेश दिया गया था। याचिका में कहा गया है, भारत विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संधियों से बंधा हुआ है, जो भारत को युद्ध अपराधों के दोषी राष्ट्रों को सैन्य हथियारों की आपूर्ति नहीं करने के लिए बाध्य करता है, क्योंकि किसी भी निर्यात का इस्तेमाल अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर उल्लंघन में किया जा सकता है।

## भारतीय सेना के सामने थर्राएंगे दुश्मन, सुखोई विमानों के इंजन सौदे पर सरकार की मुहर

नई दिल्ली , देश की रक्षा क्षमता को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्रालय और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने सुखोई–30 विमानों के लिए 240 एएल–31 एफपी एयरो इंजन की खरीद के लिए 26,000 करोड़ रुपये की डील पर हस्ताक्षर किए हैं। यह करार सोमवार को रक्षा मंत्रालय और सीनियर अधिकारियों के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें डिफेंस सेक्रेटरी गिरिधर अरमाने और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी भी मौजूद थे। इस करार के अनुसार, प्रत्येक वर्ष 30 एयरो इंजन की आपूर्ति करेगा, और सभी 240 इंजनों की सप्लाई अगले 8 वर्षों में पूरी की जाएगी। इन इंजनों का निर्माण कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक, इन एयरो इंजनों में 54 प्रतिशत से अधिक सामग्री स्वदेशी होगी, जो एयरो–इंजन के प्रमुख घटकों के स्वदेशीकरण के कारण संभव हो पाया है।

# सूरत में गणेश उत्सव के दौरान पंडाल में पथराव, जमकर तोड़फोड़ और हंगामा

**6 मुख्य आरोपियों समेत 33 गिरफ्तार**



सूरत ,गुजरात के सूरत शहर के सैयदपुरा इलाके में गणेश पूजा पंडाल पर पथराव की घटना सामने आई है। इस घटना में शामिल 6 मुख्य आरोपियों सहित कुल 33 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गणेश पूजा पंडाल पर पथराव के बाद इलाके में झड़प हो गई। स्थानीय लोगों की गुस्साई भीड़ ने जमकर तोडफ़ोड़ और हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, सैयदपुरा इलाके में 6 लोगों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस घटना को बढ़ावा देने वाले 27 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने घटना पर जानकारी देते हुए बताया कि कुछ बच्चों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया था, जिससे झड़पें भडक़ीं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चों को वहां से हटा दिया और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। आंसू गैस और लाठीचार्ज का भी इस्तेमाल किया गया। पुलिस कमिश्नर ने पुष्टि की कि इलाके में लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और सामान्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी उपाय किए गए हैं।

# दिल्ली में पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध



नई दिल्ली , दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वायु प्रदूषण बढने् की आशंका के मद्देनजर सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश सोमवार को दिल्ली सरकार ने जारी किया। पिछले साल भी सर्दियों में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया, हम दिल्लीवासियों से यही कहना चाहते हैं कि दीए जलाकर और मिठाई बांटकर त्योहार मनाएं। हमें त्योहार को धूमधाम से मनाना है। लेकिन, उतनी ही जिम्मेदारी से प्रदूषण पर भी लगाम लगानी है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के मुताबिक पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 1 जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। प्रतिबंध लागू करवाने के लिए पुलिस, डीपीसीसी और राजस्व विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्ययोजना बनाई जाएगी। गोपाल राय ने कहा, दिल्ली में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण बढने् का खतरा रहता है। इस मौसम में पटाखों को जलाने से भी प्रदूषण बढ़ता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए पिछले साल की तरह इस बार भी हर प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा रहा है, जिससे लोगों को प्रदूषण की मार से बचाया जा सके। किसी भी तरह के पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी या बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पटाखों को लेकर लोगों में किसी भी तरह का कन्फ्यूजन नहीं रहे, इसलिए यह प्रतिबंध हर तरह के पटाखों के लिए मान्य है। इसके साथ ही गोपाल राय का यह भी कहना है कि सरकार नहीं चाहती है कि व्यापारियों और डीलरों को किसी भी तरह का आर्थिक नुकसान हो। ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए समय रहते हर प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, दिल्ली सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर बेहद गंभीर है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार 21 फोकस बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान बना रही है। आगामी दिनों में विंटर एक्शन प्लान के अनुसार विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे, ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। ऐसे में हमारी दिल्ली निवासियों से अपील है कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार के साथ सहभागिता दें।

## राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

लखनऊ , श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (86) को लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने सोमवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। इससे पहले महंत नृत्य गोपाल दास का मूत्र संबंधी समस्याओं के चलते ग्वालियर में इलाज कराया गया था। आध्यात्मिक नेता कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भाग लेने के लिए 24 अगस्त को मथुरा गए थे। इसके बाद वे श्रद्धालुओं से मिलने ग्वालियर गए, जहां उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कोलकाता पुलिस आयुक्त ने कई बार की इस्तीफे की पेशकश-ममता



कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना के मद्देनजर अपना इस्तीफा देने के लिए कई बार उनके पास आए। लेकिन उन्होंने उनका इस्तीफा स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

बलात्कार और हत्या के मुद्दे पर जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और नौकरशाहों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से कहा, कमिश्नर कई बार इस्तीफा देने के लिए मेरे पास आए। वह एक सप्ताह पहले भी इस उद्देश्य से मेरे पास आए थे। लेकिन दुर्गा पूजा का त्योहार आगे है, जो व्यक्ति प्रभारी होगा, उसे कानून और व्यवस्था से संबंधित मौजूदा स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। कुछ और दिन धैर्य रखने में क्या बुराई है? प्रदर्शनकारी सभी को बदलने की मांग कर रहे हैं। मैं पांच को बदल सकती हूं, लेकिन अन्य पांच को नहीं बदल सकती।

## एक नजर

### बदरीनाथ यात्रा के लिए अलग एसओपी बने

चमोली। धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन प्रकोष्ठ भाजपा के पूर्व प्रदेश संयोजक टीका मैखुरी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर होटल व्यवसाय और चारधाम से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान रात्रि को चलने वाले यात्री वाहन रात्रि 9 बजे से सुबह 4 बजे तक प्रतिबंधित किए जाए। ज्ञापन में यात्रा प्रारंभ के मई–जून में चारों धामों की परिस्थिति के अनुकूल यात्रियों की संख्या निर्धारित किए जाने और बद्रीनाथ यात्रा के लिए अलग एसओपी बनाई जाने की मागं की गई है।

### ठेकेदारों ने लोनिवि के अधिकारी को सौपा ज्ञापन

चमोली। दुर्गादेवी ठेकेदार संघ गैरसैंण ने सोमवार को लोनिवि कार्यालय में बैठक करते हुए ठेकेदारी के पंजीकरण में कई जटिलताएं प्रारंभ करने एवं रॉयलटी की दरें दुगुनी किये जाने के विरोध में लोनिवि के अधिशासी अभियंता जगदीश प्रसाद थपलियाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में संरक्षक हरेन्द्र कंडारी और उपाध्यक्ष सोवन शाह ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं उनका संगठन निविदाओं का बहिष्कार जारी रखेगा। इस अवसर पर दिनेश पुरोहित, पृथ्वी सिंह, कुंदन बिष्ट, अनिल सिंह, राम सिंह, किशन भंडारी,भूपाल सिंह, अमर सिंह, वीरेन्द्र सिंह आदि कई ठेकेदार शामिल रहे।

### विहिप की जागरूकता को लेकर निकाली आक्रेश रैली में उमड़े लोग

रुद्रप्रयाग। नंदानगर चमोली की घटना की पुनरावृत्ति रोकने और पहाड़ के लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व हिन्दू परिषद ने सोमवार को रुद्रप्रयाग नगर में आक्रेश रैली निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बाहरी लोगों की गहनता से सत्यापन करने की मांग की। साथ ही स्थानीय लोगों, महिला और ग्रामीणों से जागरूक रहने की अपील की। इस मौके पर कोटेश्वर के महंत शिवानंद गिरी, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल खन्ना, विहिप मातृ शक्ति की संयोजिका अनीता भट्ट सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

### कार्यशाला में अर्थ गंगा की अवधारणा पर मंथन

नई टिहरी। मसूरी वन प्रभाग के नमामि गंगे परियोजना की पहल पर पर्यटन स्थल धनोल्टी क्षेत्र में पारिस्थितिकी और ईको टूरिज्म के विकास के लिए जलज परियोजना के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें एनएमसीजी (नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा), डब्ल्यूआईआई (भारतीय वन्यजीव संस्थान) के विशेषज्ञों ने जरूरी परामर्श दिए। कार्यशाला का उद्देश्य नदी और लोगों के बीच बेहतर संबंध स्थापित कर अर्थ गंगा की अवधारणा को साकार करना था। इको पार्क धनोल्टी में आयोजित कार्यशाला का वन संरक्षक यमुना वृत कहकशां नसीम, डीएफओ अमित कंवर, जलज परियोजना की सीनीयर प्रोजेक्ट असिस्टेंट अंजना शर्मा, प्रोजेक्ट साइंटिस्ट सौरव गवन ने शुभारंभ किया। कार्यशाला में मसूरी वन प्रभाग के कार्मिकों के साथ ही वन क्षेत्र के विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों और इको पार्क के सदस्यों ने शिरकत की। कार्यशाला विशेषज्ञों ने स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग और सतत् विकास के उपाय, पर्यटकों के लिए आकर्षण बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। वहीं नदी संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता को लेकर भी जागरूक किया गया। स्थानीय समुदायों को इको–टूरिज्म से आर्थिक लाभ पहुंचाने पर वृहद चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इससे न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने मे मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और आर्थिकी को मजबूत करने में सहयोग मिलेगा। अंजना शर्मा ने जलज परियोजना की पृष्ठभूमि बताई। सौरव गवन ने जलज परियोजना का उद्देश्य और योगदान बताया।

### शहीद के नाम पर जीआईसी थाती का रखने की मांग

नई टिहरी। जनपद के बुढ़ाकेदार क्षेत्र के थाती गांव के रहने वाले भूपेंद्र सिंह नेगी ने शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत व डीएम मयूर दीक्षित को पत्र सौंपकर जीआईसी थाती का नामकरण पिता स्व. बचन सिंह नेगी पर करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से भूपेंद्र नेगी ने बताया है कि उनके पिता स्व. बचन सिंह नेगी चौथी गढ़वाल राईफल्स में थे और वे 1971 के भारत–पाक युद्ध में शहीद हुए थे। आजादी के अमृत महोत्सव काल में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान मेरी माता ने भी शहीद पति के नाम जीआईसी थाती का नाम रखने की मांग थी।

# बेहतर गुणवत्ता के साथ करें राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत

## सांसद अनिल बलूनी ने किया कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य एनएच का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार से होते हुए रुद्रप्रयाग जा रहे सांसद अनिल बलूनी ने कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य अपना वाहन रुकवाकर राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को बेहतर गुणवत्ता के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। कहा कि आमजन व वाहन चालकों को आवागमन में किसी प्रकार की पेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखें।



राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करते सांसद अनिल बलूनी

गढ़वाल दौरे पर पहुंचे सांसद अनिल बलूनी ने सोमवार को नेशनल हाईवे पर कोटद्वार से दुगड्डा के बीच चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को समय पर निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने विभाग से क्षतिग्रस्त जगह के विकल्प के लिए स्थाई प्रस्ताव देने को भी कहा। सोमवार को कोटद्वार स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद अनिल बलूनी का अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए वे तत्परता से जुटे हुए हैं। कहा कि जनता की समस्या का संपूर्ण समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कहा कि सरकार आमजन की परेशानियों को दूर कराने के प्रति गंभीर है और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत, उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, राजमार्ग धुमाकोट खंड के अवर अभियंता आशीष सैनी, विपिन कैंथोला, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत, अमिताभ अग्रवाल, कुलदीप रावत आदि मौजूद रहे।

## कोरोना काल में रोके गए मंहगाई भत्ते को बहाल करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सेवानिवृत्त वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की सोमवार को पनियाली स्थित अरण्य सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्रवाई की समीक्षा की गई। समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पंत ने कर्मचारियों के कोरोना काल में रोके गए महंगाई भत्ते को जारी करने की मांग करते हुए कहा कि इस संबंध में समिति की ओर से शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन प्रेषित किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वक्ताओं ने तराई वन प्रभाग के अंतर्गत वन प्रभाग रुद्रपुर में 6 सितंबर को वन तस्करों के साथ मुठभेड़ में पीपल पड़ाव रेंज के स्टाफ के तीन कर्मचारियों के घायल होने पर रोष व्यक्त किया। कहा कि वन महकमे को शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में प्रमोद डोबरियाल, एआर खान, दिनेश घिल्डियाल, केसी राम निराला, हरेंद्र सिंह बिष्ट, अनिल कुकरेती और चंद्रकिशोर असवाल सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कृषि भूमि को व्यवसायिक भूमि में परिवर्तित करने का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र की मालनी किसान पंचायत से जुड़े किसानों ने नगर निगम के अंतर्गत संपूर्ण कृषि भूमि को व्यवसायिक भूमि में परिवर्तित करने के संबंध में भाजपा नेताओं की ओर से जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन पर रोष व्यक्त किया है। सोमवार को भाबर क्षेत्र के रामपुर में आयोजित किसानों की बैठक में निवर्तमान पार्षद सुखपाल शाह ने कृषि भूमि का व्यवसायीकरण होने के कुप्रभावाओं पर जानकारी देते हुए कहा गया कि अभी भी नगर निगम के अधिकांश क्षेत्र में लोगों की आमदनी का साधन कृषि ही है। कृषि भूमि का व्यवसायीकरण होने पर कृषि संबधी समस्त प्रक्रियाएं ठप्प हो जायेंगी और लोगों की आमदनी पर प्रभाव पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर इस संबध में किसानों की बैठक होने की खबर मिलते ही भाजपा नेता बैठक स्थल पर पहुंचे और उन्होंने अपने द्वारा प्रेषित ज्ञापनों को वापस लेने की बात कही। जिस पर किसान पंचायत ने उनका आभार व्यक्त किया। बैठक में पंचायत अध्यक्ष जेपी बहुखंडी, मधुसूदन नेगी, दीपक गौड़, गणेश जलाल, विद्यादत्त केष्टवाल, दर्शन केष्टवाल और कुबेर जलाल सहित मालनी किसान पंचायत से जुड़े किसान शामिल रहे।

## अभिषेक अग्रवाल बनें वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री युवा वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से अभिषेक अग्रवाल को सभा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है।सभा के अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने बताया कि कार्यकारणी का विस्तार करते हुए उप सचिव सुमित महावीर सिंघल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उप कोषाध्यक्ष गिरीजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल को बनाया गया। निर्णय लिया गया कि जल्द ही संगठन का सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। इस मौके पर मनु गर्ग, नवीन अग्रवाल, ऋषभ गोयल, सचिव सिंघल, वरूण गोयल, राहुल जिंदल, वरुण गर्ग, हर्ष अग्रवाल, ईशान अग्रवाल, अभिषेक जैन, रोहन गर्ग आदि मौजूद रहे।

# दो अक्टूबर को सद्भावना मैराथन



आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : व्यापार मंडल सतपुली व होली के हुल्यार टीम ने दो अक्टूबर को सद्भावना मैराथन के आयोजन का निर्णय लिया है। इसके लिए सदस्यों की विशेष टीम भी गठित की जाएगी।

आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि हाफ मैराथन तीन वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसमें पुरूष वर्ग के लिए 20 किलोमीटर, महिलाओं व अंडर–14 वर्ग के प्रतिभागियों के लिए 12 किलोमीटर की दौड़ रखी गई है। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को नकद धनराशि, ट्राफी, मैडल व प्रमाण पत्र दिए जाएगें। मैराथन में प्रतिभाग करने के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 28 सितंबर रखी गई है। इस मौके पर उम्मेद सिंह रवत, मनीष खुगशाल, गंगा सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह नेगी, प्रेम सिंह रावत, रणधीर सिंह, सुनील डंडरियाल, सुरजन रौतेला, चंद्रमोहन सिंह, प्रवीन सिंह, संदीप डोबरियाल मौजूद रहे।

# कोटद्वार की सड़कों पर उतरे आमसौड़ के ग्रामीण

## आमसौड़ में आपदा से बचाव के लिए कार्य करने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लॉक के आमसौड़ गांव में आपदा से बचाव का कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। सोमवार को ग्रामीण बड़ी संख्या में कोटद्वार पहुंचे और शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। कहा कि वर्ष 2023 से पूरा गांव आपदा की जद में आया हुआ है। बावजूद अब तक आपदा को रोकने के लिए धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया। नतीजा ग्रामीण पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। इस वर्ष भी ग्रामीणों को आपदा से काफी नुकसान झेलना पड़ा है।

हिंदू पचायती धर्मशाला से रैली लेकर ग्रामीण तहसील परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आमसौड़ कस्बा पिछले साल से आपदा की मार झेल रहा है। पिछले वर्ष भी 23 अगस्त को भारी बारिश के कारण गांव के ऊपर स्थित पहाड़ी से भूस्खलन हुआ था और उस समय भी ग्रामीणों को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था। इस वर्ष भी 6 जुलाई और 23 अगस्त की भीषण बारिश से भी ग्रामीणों का बहुत नुकसान हुआ और उन्हें अन्यत्र शरण लेनी पड़ी। वर्तमान में गांव से कई परिवार पलायन कर चुके हैं और कई परिवार अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लेने पर मजबूर हैं। कहा कि पूर्व में ही ग्रामीणों की ओर से शासन-प्रशासन को आपदा के संबंध में अवगत करा दिया गया था, लेकिन शासन की ओर से केवल मौका मुआयना किया गया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर पिछले वर्ष ही आपदाग्रस्त क्षेत्र का ठोस व तकनीकी रूप से उपचार किया जाता तो स्थित इतनी भयावह नहीं होती। गांव का जनमानस अपने जानमाल के प्रति चिंतित है और पलायन को मजबूर है। कहा कि आपदा के कारण बसे बसाए गांव का अस्तित्व ही संकट में आ गया है, वहीं सरकारी मशीनरी आपदाग्रस्त क्षेत्र का उपचार करने में ढिलाई दिखा रही है, जो गलत है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आपदाग्रस्त क्षेत्र का ठोस व तकनीकी रूप से उपचार करने की मांग की गई है और ऐसा न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गणेश जुयाल, शकुंतला देवी, कमला देवी, देवेश्वरी देवी, राजेंद्र सिंह, संजय सिंह, विनोद कुमार, मनोज कुमार, किरन देवी, बबीता देवी और सीता देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।



भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के ट्रीटमेंट की मांग को लेकर कोटद्वार में जुलूस-प्रदर्शन करते आमसौड़ गांव के ग्रामीण

# कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

## प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार पर आक्रोश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तराखंड में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार पर कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सरकार का पुतला दहन करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई। कहा कि यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कांग्रेस जन आंदोलन चलाएगी। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील के समीप तिराहे में एकत्रित हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को सतर्कता न्यायालय के माध्यम से जांच के आदेश दिए गए है। लेकिन, प्रदेश सरकार मंत्री की जांच नहीं करवा रही है। भारतीय जनता पार्टी के विधायक के भाई के पास अवैध हथियार बरामद हुए है। कहा कि जब प्रदेश के मंत्री व विधायक ही भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था को तोड़ रहे हैं, जो प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर रंजना रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, विनोद रावत, गोपाल सिंह गुसाई, प्रेम सिंह पयाल, शंकेश्वर प्रसाद सेमवाल, कृपाल सिंह, अमितराज सिंह, राजीव जखमोला, राजा आर्य, अनिल चौधरी मौजूद रहे।



कोटद्वार में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

## 12 सितंबर को लगेगा आयुष्मान आरोग्य शिविर

श्रीनगर गढ़वाल : स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिर्सू में 12 सितम्बर को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्त्रीरोग, बालरोग, नेत्ररोग, ईएनटी, त्वचा रोग, दन्त रोग, सम्बन्धी निःशुल्क जांच की जायेगी। शिविर के दौरान, मोतियाबिंद ऑपरेशन और टीकाकरण, सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान योगा वेलनेस गतिविधियां और मानसिक रोग विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिग, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध होंगी। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी भी बनायी जायेगी।

# छावनी समेत 62 कैंट बोर्ड सिविल एरिया नगर निगम में होंगे विलय : बलूनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि लैंसडौन पर्यटन क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी अब मेरी है। कहा कि वर्ष के अंत तक छावनी समेत 62 कैंट बोर्ड सिविल एरिया नगर निगम में होंगे विलय।

गढ़वाल दौरे पर पहुंचे सांसद अनिल बलूनी एवं विधायक दिलीप रावत सोमवार को पर्यटन नगरी लैंसडौन पहुंचे। उन्होंने पर्यटन नगरी लैंसडौन छावनी परिषद क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर स्थाई नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट की गई। हिंदू पंचायती धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जन समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान के लिए सुझाव भी लिए गए। इस मौके पर विधायक दिलीप रावत, व्यापार मंडल के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

इसके तुरंत बाद पर्यटन नगरी दौरे पर पहुंचे सांसद अनिल बलूनी भारत की गौरवशाली सैन्य इतिहास में विशिष्ट स्थान रखने वाली गढ़वाल राइफल रेजीमेंट के मुख्यालय भी गए। जहां उनकी भेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी से हुई। इस दौरान गढ़वाल राइफल के सैन्य इतिहास पर चर्चा हुई ।

# तीसरे दिन खुला बार्डर हाईवे, आवाजाही हुई शुरू

चमोली। जोशीमठ नगर से लगभग 35 किलोमीटर आगे नीती मलारी बार्डर हाईवे तीसरे दिन यातायात के लिए खुल गया है। बीते शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे पहाड़ी टूटने के कारण हाईवे बंद हो गया था। सड़क खुलने के बाद दोनों और पिछले तीन दिनों से फंसे दर्जनों वाहन आर पार हुए। बता दें कि लाता से 2 किलोमीट आगे बार्डर हाईवे में पहाड़ी का एक बड़ा भाग टूटकर आ गया था। शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे यहां पर पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूटा जिसके बाद बीआरओ ने अपनी मशीनों की सहायता से शुक्रवार पूरे दिन यहां पर बोल्डर हटाने का काम जारी रखा। कुछ सड़क साफ भी हो गई थी कि शनिवार को दोहपर में एक बार फिर से यहां पर पहाड़ी टूटने के कारण सड़क शनिवार को भी बहाल नहीं हो सकी। जिसके बाद बीआरओ ने दोनों ओर से मशीने लगाकर पहाड़ी से आये बोल्डरों को तोड़ना शुरू किया व यहां पर बड़ी–बड़ी चट्टानों को हटाने के लिए कुछ कन्ट्रोल ब्लास्टिंग भी की गई। जिसके बाद रविवार शाम पौने चार बजे लगभग यहां पर बीआरओ ने वैकल्पिक रूप से सड़क को सुचारू कर वाहनों की आवाजाही शुरू करवा दी है। सूकी भलागांव के प्रधान लक्ष्मण बुटोला ने बताया कि सड़क खुलने के बाद नीती मलारी घाटी के 20 से अधिक गांव समेत बार्डर में सैन्य छावनियों की आवाजाही शुरू हो गई है।

## 11 सितंबर को होगा फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब अलकनंदा वेली उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का जूनियर और सीनियर वर्ग का फाइनल मैच 11 सितंबर को खेला जायेगा। सोमवार को अंडर–14 फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला लीग मैच सेंट थेरेसास कॉन्वेंट स्कूल और रेनबो पब्लिक स्कूल श्रीनगर के बीच खेला गया। जिसमें रेनबो ने विजय प्राप्त की। दूसरा मैच एसजीआरआर और देवभूमि पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जो 1–1 गोल से बराबर रहा। तीसरा लीग मैच रेनबो पब्लिक स्कूल और देवभूमि पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। रेनबो पब्लिक स्कूल के आदर्श द्वारा एक गोल किया गया। चौथा लीग मैच एसजीआरआर और सेंट थेरेसास के बीच खेला गया। जिसमें सेंट थेरेसास ने पांच गोल से विजय हासिल की। रोटरी क्लब के क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप मल्ल ने बताया कि अंडर–19 फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच बुधवार को खेले जायेंगे। बताया कि जूनियर और सीनियर वर्ग का फाइलन मुकाबला 11 सितंबर को खेला जायेगा।

# कार्यालय में नहीं दिखते सहायक अभियंता, भड़का गुस्सा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नगर क्षेत्र में लगातार हो रही पेयजल समस्या व सहायक अभियंता की कार्यप्रणाली से आक्रोश लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि अधिकारी कार्यालय में कभी भी नजर नहीं आते। साथ ही वह लोगों का फोन भी नहीं उठाते।

सोमवार को लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया। कहा कि सहायक अभियंता का तत्काल स्थानांतरण किया जाना चाहिए। एक और जहां लोग पानी को तरस रहे हैं। वहीं, अधिकारी अपने कार्यालय में भी नजर नहीं आते। इस दौरान नगर वासियों ने जल संस्थान के एसडीओ को पांच सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। प्रांतीय उद्योग व्यापर मंडल के जिला संगठन मंत्री मनीष खुगशाल, उपाध्यक्ष आनंद मणि बलूनी ने कहा कि विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के चलते बाजार की सार्वजनिक टंकी में पानी नहीं आता है। घरों में भी नियमित रूप से पानी नहीं आता है। उन्होंने सहायक अभियंता को तत्काल हटाने व शहर में स्थाई फीटर नियुक्त करने की मांग की है। इस मौके पर चंद्रमोहन रावत, त्रिलोक सिंह नेगी, गंगा सिंह बिष्ट, संदीप डोबरियाल, सत्यनाराण वेदी, रजनीश जुयाल, विशाल वंसल, विजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



समस्या को लेकर जल संस्थान कार्यालय में पहुंचे लोग

# आसान नहीं गांव का जीवन यापन, पलायन से गांव हो रहे वीरान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : आसान नहीं गांव का जीवन यापन, लगातार पलायन के कारण सामान्य परिवारों पर पड़ा असर। डांगी गांव एक दशक पूर्व पूरी तरह आबाद था। गांव के हर चौक में किलकारी गूंजती थी। गांव में आंगनबाड़ी केंद्र था जहां बच्चों की किलकारी सुनने मिलती थी। लेकिन बीते एक दशक में गांव में गिने चुने परिवार ही रह गए है। गांव में कभी खेती बाड़ी प्रर्याप्त मात्रा में होती थी। लोगों की मुख्य आजीविका कृषि थी। गांव की अच्छी खासी जनसंख्या थी।

शिक्षा के लिए गांव में ही प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय था। प्राथमिक विद्यालय छात्र संख्या शून्य होने से बंद हो है। भवन अब केवल मतदान के लिए ही उपयोग किया जाता है। गांव में ही दो मील दूरी पर जंगल पार हाईस्कूल है। जहां गांव के मात्र तीन छात्र ही पढ़ते हैं। जंगली जानवरों के भय से उन्हें अभिभावक रोज विद्यालय तक छोड़ने और लाने जाने का सिलसिला अभी भी जारी है। क्योंकि उन्हें रोज गुलदार और भालू के साक्षात दर्शन हो रहे है। जिस उनका दिल दहल जाता है। वन विभाग भी दो तीन दिन गांव में बैठक कर झाड़ियां आदि काटने की सलाह देकर कुछ बम देकर अपने कर्तव्य की निर्वहन कर गए, हालांकि इतने ही संख्या के छात्र पड़ोसी गांव थनुल के भी विद्यालय में पढ़ने आते है। उन्हें भी रोज उनके माता -पता विद्यालय छोड़ने और फिर लाने जाते है। ऐसे में उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही। क्षेत्र के लोगों ने पूर्ववर्ती दौर में शिक्षा के लिहाज से कई गांवो के केंद्र में यह विद्यालय बनवाया था। ताकि सभी को सहूलित हो, लेकिन छोटे-छोटे गांव सड़क के अभाव में पूरी तरह पलायन हो जाने से विद्यालय की छात्र संख्या भी दो अंकों में सिमट गई। हालांकि विद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारी का कोई टोटा नहीं है। मानकों के अनुसार विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों सहित सभी पद सृजित है। केवल छात्र-छात्राओं का ही टोटा है। एक दौर में विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं का टोटा होता था। छात्र-छात्राओं को बैठने और पढ़ने के लिए भवन नहीं होते थे और अब भवन, शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रर्याप्त संख्या में तैनात है। लेकिन छात्र-छात्राओं की संख्या दो अंकों तक भी नही है। आने वाले समय में यह विद्यालय भी प्राथमिक विद्यालय की तरह बंद हो जाएगा।



# डीएम ने 44 शिकायतों को सुनकर निस्तारित किया

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने सोमवार को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जनता की 44 शिकायतों को सुनकर मौके पर निस्तारण किया। इस मौके पर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन, तहसील दिवस, बीडीसी बैठक और जनता मिलन कार्यक्रम में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए शिकायतों का गंभीरता से तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करें। अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सरलीकरण को लेकर सुझाव भी तत्परता से देने को कहा। जिला सभागार नई टिहरी में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्रधान स्वाड़ी (कांडी) जाखणीधार पूजा कुमांई ने ग्राम पंचायत में शहीद प्रकाश चंद कुमाईं रोड का कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग की। जिस पर ईई लोनिवि बौराड़ी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बौराड़ी अठूरवाला निवासी राजपाल सिंह तोपवाल ने पुनर्वास स्थल बौराड़ी में आंवटित कृषि भूखण्ड का सीमांकन कर राजस्व अभिलेखों में ठीक करने एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के निर्णय के अनुरूप ब्याज भुगतान करने तथा ग्रामीण रामरखा ने अनुसूचित जाति बस्ती डोभन को विस्थापित करने का अनुरोध किया, जिस पर ईई पुनर्वास को पत्रावली प्रस्तुत करने तथा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

उत्तराखण्ड शासन

# समृद्ध उत्तराखण्ड सशक्त उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। जय हिन्द जय उत्तराखण्ड।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## उत्तराखण्ड विकास के नये अध्याय की ओर अग्रसर



# संकल्प
## नये उत्तराखण्ड का

“प्रधानमंत्री श्री नेरन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड समय के साथ परिवर्तनकारी विकास का साक्षी बन रहा है। अत्याधुनिक रोपवे परियोजनाओं के साथ-साथ रेलवे, सडक और हवाई संपर्क की दिशा में प्रगति हो रही है। इससे उत्तराखण्ड में यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में क्रान्तिकारी बदलाव आ रहे हैं। ये बदलाव न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं, बल्कि कुशल परिवहन भी सुनिश्चित करते हैं। ये राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। आघ्यात्किम, रोमांचक और सांस्कृतिक पर्यटन के प्रभाव के चलते यह दुनिया के आगंतुकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। हम सतत् विकास के लिए दृढ संकल्पित हैं। अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए एक समृद्ध कल की ओर देख रहे हैं।”
जय हिन्द जय उत्तराखण्ड।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK

## एक नजर

### उत्पीड़न और भरण पोषण के मुकदमों में शीघ्र निर्णय देने की मांग

हरिद्वार। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने डीएम कर्मेंद्र सिंह से भेंट कर उनका स्वागत किया। कहा कि उनके नेतृत्व में हरिद्वार के विकास में नए आयाम जुड़ेंगे। संगठन ने डीएम और एसडीएम न्यायालय में वरिष्ठ नागरिकों के उत्पीड़न तथा भरण पोषण से संबंधित विचाराधीन मामलों के शीघ्र निस्तारण कर न्याय दिलाने का आग्रह किया। डीएम ने इस मामले में जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी चरण सिंह, सुन्दर लाल, विद्या सागर गुप्ता, सुखवीर सिंह, बाबूलाल सुमन, शिवचरण भास्कर, सुभाषचंद्र ग्रोवर, चौधरी चरण सिंह, सुंदरलाल केशवानी आदि शामिल रहे।

उधर, संगम ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष जटाशंकर श्रीवास्तव और विनोद कुमार त्रिपाठी ने भी डीएम से मिलकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया।

### गणपति महोत्सव हमें सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से एकजुट कर सार्थक दिशा प्रदान करता है : मदन कौशिक

हरिद्वार। भगवान गणपति विघ्न विनाशक और सुख–समृद्धि के दाता हैं। भगवान गणपति की आराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यह बातें विधायक मदन कौशिक ने निर्मल गणपति संघ के 15वें गणपति महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ कर व्यक्त किए। कहा कि गणपति महोत्सव हमें सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से एकजुट कर सार्थक दिशा प्रदान करता है। वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चन्द ने कहा कि निर्मल गणपति संघ विगत 15 वर्षों से गणपति महोत्सव को धूमधाम से आयोजित कर भारतीय संस्कृति व संस्कारों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### डीएम का छापा, मुख्य शिक्षाधिकारी समेत सात अफसरों दफ्तर में नहीं मिले, वेतन रोका

हरिद्वार( आरएनएस)। डीएम कर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को जिला मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों में छापेमारी की। सुबह 10:15 बजे तक कई अधिकारी दफ्तर नहीं पहुंचे थे। इससे नाराज होकर डीएम ने उनके वेतन पर रोक लगाकर स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम कर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को 10:15 बजे से मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेसिक तथा माध्यमिक, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दर्शन सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अशोक वैद्य, प्रधान सहायक दीपक सैनी, ड्राइवर मनवर सिंह नेगी अनुपस्थित मिले।

### हिमालय न केवल भारत की संस्कृति और अध्यात्म का केंद्रः रविंद्र पुरी

हरिद्वार। रामानंद इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में हिमालय बचाओ अभियान के तहत 900 छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने हिमालय प्रतिज्ञा ली। रामानंद इंस्टीट्यूट के चेयरमैन एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने हिमालय संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिमालय न केवल भारत की संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके संरक्षण के बिना भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### सर्वोदय इंटर कॉलेज जयंती में मनाया गया 74 वां स्थापना दिवस

अल्मोड़ा। सर्वोदय इंटर कॉलेज जयंती में सोमवार को विद्यालय का 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया। शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष पान सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य प्रकाश लाल वर्मा समेत अन्य लोगों ने विद्यालय के संस्थापक स्व दुर्गा दत्त शास्त्री का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस विद्यालय ने अभावों के दौर में क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान मेधावी व प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के संस्थापक स्व. दुर्गा दत्त शास्त्री के परिवार की ओर से चार मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर अव्वल बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सांसद अजय टम्टा ने कहा कि सभी अध्यापक अच्छे होते हैं ।

# स्वच्छता को संस्कार और सोच से जोड़ते हुए युवाओं को प्रेरित करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की संपूर्ण और सक्रिय भागीदारी तथा विभागों के बहु और वैकल्पिक प्रयासों से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को क्रियान्वित करें।

स्वच्छता से जुड़े हुए मुख्य ब्लैक स्पॉट का व्यावहारिकता से चिन्हीकरण और अधिक वेस्ट जनरेट करने वाले संस्थानों की ट्रैकिंग करते हुए कूडा निस्तारण की समुचित व्यवस्था करवायें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को संस्कार और सोच से जोड़ते हुए युवाओं को प्रेरित करें।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने विकास भवन में विभिन्न विभागीय अधिकारियों की स्वच्छता ही सेवा-2024 की समीक्षा बैठक की। जिलधिकारी ने निर्देश दिये कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत रोस्टर बनाते हुए कूड़ा निस्तारण के सामूहिक व व्यक्तिगत, प्रचलित और वैकल्पिक दोनों तरिकों के उपायों को अमल में लायें तथा सामान्य जनमानस की संपूर्ण और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता को संस्कार और सोच में आत्मसात करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यंग जनरेशन की स्वच्छता के प्रति सोच और संस्कार को विकसित करने से पूर्व उनकी बेसिक टेन्डेंसी का पता करें, ताकि उनकी बेहतर काउन्सिलिंग करवायी जा सके। जिलाधिकारी ने कोटद्वार में बोक्सा बाहुल्य क्षेत्र में चल रही पीएम जनमन योजना के साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को भी सम्मिलित करते हुए उस क्षेत्र में टॉयलेट, स्वच्छता के विभिन्न प्रतिमानों और कूडे के उचित निराकरण के संबंध में नगर निगम, पीएम स्वजल, समाज कल्याण, वन विभाग, बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा की थीम ''संस्कार स्वच्छता व स्वभाव स्वच्छता'' है। बैठक में बताया गया कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2024 तक वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 17 सितंबर को प्रत्येक गांवों व नगर पालिका वार्डों में स्वच्छता अभियान, 21 सितंबर को प्रत्येक विद्यालय, 25 सितंबर को जनपद के सभी चिकित्सालयों में स्वच्छता अभियान व पर्यावरण मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा 27 सितंबर को पर्यटक स्थलों व 01 अक्टूबर को प्रत्येक न्याय पंचायत के प्रमुख स्थलों, बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं 02 अक्टूबर को जनपद मुख्यालय के आलावा विभिन्न स्थलों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र बिष्ट, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एस.के. रॉय, अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, प्रभारी मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करण सिंह, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, स्वजल प्रबंधक दीपक रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विहिप की जागरूकता को लेकर निकाली आक्रोश रैली में उमड़े लोग



रुद्रप्रयाग। नंदानगर चमोली की घटना की पुनरावृत्ति रोकने और पहाड़ के लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व हिन्दू परिषद ने सोमवार को रुद्रप्रयाग नगर में आक्रोश रैली निकाली।

इस दौरान बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बाहरी लोगों की गहनता से सत्यापन करने की मांग की। साथ ही स्थानीय लोगों, महिला और ग्रामीणों से जागरूक रहने की अपील की।

इस मौके पर कोटेश्वर के महंत शिवानंद गिरी, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल खन्ना, विहिप मातृ शक्ति की संयोजिका अनीता भट्ट सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

# रेल लाइन की समस्याओं के निस्तारण को विधायक कंडारी ने ली बैठक

नई टिहरी। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन से उपजी समस्याओं के निस्तारण के लिए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और डीएम मयूर दीक्षित ने आरवीएनएल (रेलवे विकास निगम लि.) और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए समस्याएं हल करने के निर्देश दिए। निर्णय लिया गया कि आरवीएनएल तत्काल नैथाणा गांव में मिनी स्टेडियम बनाएगा। इसके लिए भूमि संबंधित विवाद को डीएम ने मौके पर ही निस्तारित करते हुए पटवारी और रेलवे के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए। सोमवार को डीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में विधायक कंडारी ने कहा कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन विकास के आयाम स्थापित करेगी। इन दिनों द्रुत गति से परियोजना की सुरंग निर्माण सहित



अन्य कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में अभी कई समस्याएं बनी हुई हैं। जिनमें स्टेडियम निर्माण, पेयजल लाइन, विद्युत लाइन, सोलर लाइट, हैंडपंप आदि शामिल हैं। जिन्हे हल किया जाना चाहिए। डीएम ने आरवीएनएल के डीजीएम ओपी मालगुडी को सभी समस्याएं हल करने के निर्देश दिए। कहा कि नैथाणा मिनी स्टेडियम का भूमि संबंधित प्रकरण हल करन वहां तत्काल निर्माण और अन्य कार्य पूरा करें।

# जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने प्रेसवार्ता कर अपनी प्राथमिकताएं बताई

चमोली। नवागत जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए मीडिया को अपनी प्राथमिकताएं बताई। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वय से जन कल्याणकारी योजनाओं को सीमांत क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा। जनता की जो भी शिकायत है, उसमें रिस्पांस टाइम को कम से कम करते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यो की प्रगति को लेकर मीडिया के सवालों पर जिलाधिकारी ने बताया कि मास्टर प्लान के कार्य अच्छी प्रगति के साथ चल रहे है। पहले चरण में गुणवत्ता के साथ करीब 70 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो गए है। जन भावना के दृष्टिगत आस्था पथ का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। नदी



का जल स्तर कम होने पर दूसरे चरण के काम भी जल्द शुरू किए जाएंगे। चारधाम यात्रा की दूसरे चरण और बरसात में क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति पर जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर भी यात्रा मार्ग संवेदनशील बना है उसको जल्द से जल्द ठीक कराया जाएगा। भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए जाएगें और चारधाम यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संचालित कराया जाएगा। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पत्रकार क्रांतिभट्ट, देवेन्द्र रावत, रजपाल बिष्ट, प्रमोद सेमवाल, शेखर रावत, जगदीश पोखरियाल, पुष्कर चौधरी, विनोद रावत, महानंद बिष्ट, संदीप कुमार, मनोज बिष्ट, सुरेन्द्र गडिया, अर्जुन सिंह आदि मौजूद थे।

# नवागत डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों एवं विभागों का किया निरीक्षण

चमोली। नवनियुक्त जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों एवं विभागों का निरीक्षण कर कमियों से परिचय और उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सभी कार्यालय कक्ष एवं परिसर मे बेहतर साफ–सफाई रखी जाए। रिकार्ड रूम एवं सभी पटलों पर अभिलेखों को व्यवस्थित और सुरक्षित रखा जाए।

जिला पूर्ति कार्यालय में निष्प्रोज्य सामान एवं विद्युत लाइन को ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय के समीप कूडा कागज जलाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट के पूरे परिसर को स्वच्छ एवं साफ रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष, ओएसडी कक्ष, शिकायत



अनुभाग कक्ष, मीटिंग हाल, सामान्य कार्यालय अनुभाग, अपर जिलाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय कक्ष, मालखाना सहित आबकारी विभाग, पूर्ति कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय, सूचना विभाग, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आपदा कंट्रोल रूम के आपातकालीन दूरभाष नंबरों पर कॉल भी किया। इस दौरान उन्होंने तहसील थराली एवं चमोली में डीडीआरएफ के नंबरों को भी डायल करते जांचा।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, आबकारी अधिकारी प्रमोद मैठाणी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी, वैयक्तिक अधिकारी राजेन्द्र जुयाल, शाहबाज अहमद आदि मौजूद थे।

### तीन बार तलाक बोलकर पत्नी को छोड़ा

हरिद्वार। विवाहिता को दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल कर तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया गया। कोर्ट के आदेश पर पीड़िता की ओर से ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में अमीर जहां निवासी बाबर कॉलोनी निकट ईदगाह ने बताया कि उसका निकाह नवंबर 2021 में नावेद निवासी ग्राम लाडवा नई अनाज मंडी विकास नगर कॉलोनी थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के साथ हुआ था। बताया उसकी बहन ने उस समय अपनी हैसीयत के अनुसार दहेज दियाथा। आरोप हैकि निकाह के बाद से ही पति, सास वस्सो, ससुर उमर, देवर सुहेल व मुबारिक ने कम दहेज लाने को लेकर उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया था। यही नहीं मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लग गए थे।

# विवाहिता को महिला से चेटिंग का विरोध करना पड़ा भारी

हरिद्वार। गैर महिला से मोबाइल फोन पर चेटिंग का विरोध करने पर पति के साथ मिलकर ससुराल वालों ने महिला की पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर सुनवाई पर महिला हेल्पलाइन की रिपोर्ट के बाद ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ज्वालापुर के कंवर विला संत मोटर के पीछे रहने वाली साक्षी की शादी पिछले साल दिसंबर में अंकुर बांगा निवासी आर्य मोहल्ला अपोजिट अम्बिका मंदिर, अम्बाला के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष उन्हें दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं था। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर पति अंकुर, सास सुनीता बांगा, ससुर चंद्रमोहन, देवर दीपक बांगा ने दहेज उत्पीड़न करना शुरू कर दिया था।

### सामान लेने गई किशोरियां लापता

हरिद्वार। घर से पास की दुकान पर सामान लेने गई दो किशोरियां लापता हो गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने किशोरियों की तलाश तेज कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ब्रह्मपुरी बस्ती निवासी एक महिला ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री रविवार रात में करीब 8:30 बजे अपनी सहेली के साथ पास की ही एक दुकान पर सामान लेने गई थी। काफी देर होने पर भी उसकी बेटी घर लौटकर नहीं आई। बेटी के नहीं लौटने पर दुकान पर पहुंची तब उसकी बेटी का अता–पता नहीं चल सका। न ही उसकी सहेली अपने घर पहुंची। परिजन ने पूरा क्षेत्र खंगाल लिया लेकिन किशोरियों का सुराग नहीं लग सका। परिजन सीधे शहर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने किशोरियों की गुमशुदगी दर्ज कर ली।

# बाल मेले में बच्चों ने रचनात्मक कौशल का दिया परिचय

अल्मोड़ा। अमन संस्था की ओर से गोविंदपुर में हुए बाल मेले में पहुंचे बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बाल मेले में बच्चों ने कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता के अलावा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों द्वारा तैयार बाल अखबार का प्रस्तुतिकरण भी इस कार्यक्रम में किया गया। बाल मेले में चौना, रिखे, वडला, वजगल, पणकोट, डांगीखोला, पठूरा व रणखिला गांवों के बच्चों ने सक्रियता से प्रतिभाग किया। इस दौरान हुई निबंध प्रतियोगिता में वडला निवासी वैष्णवी नेगी, नुक्कड़ नाटक में रिखे गाँव के बच्चों का ग्रुप,तथा ड्राइंग प्रतियोगिता में हसन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अमन कार्यकर्ता शालिनी, तनुजा आगरी और रोशनी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अमन संस्था के प्रमुख रघु तिवारी, समन्वयक नीलिमा भट्ट और ममता बिष्ट ने बच्चों को विभिन्न सामूहिक खेल गतिविधियां भी कराई। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने भाव भंगिमा और अदाकारी के दम पर नुक्कड़ नाटकों को जीवंत रूप दिया, जिनका वहां पहुंची महिलाओं और अभिभावकों ने भी सराहना की। अमन संस्था के प्रमुख रघु तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आपसी परिचय संवाद होता हैं।

### चार दिवसीय अभिव्यक्ति कार्यशाला का शुभारम्भ

अल्मोड़ा। राजा आनन्द सिंह राजकीय बालिका इण्टर कालेज अल्मोड़ा में भारत ज्ञान विज्ञान समिति अल्मोड़ा व लक्ष्मी देवी टम्टा महिला अध्ययन केन्द्र एसएसजे विवि के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अभिव्यक्ति कार्यशाला सोमवार से शुरू हुई।

अभिव्यक्ति कार्यशाला के प्रथम सत्र में भारत ज्ञान विज्ञान समिति की जिला अध्यक्ष प्रो डॉ विजया ढौढ़ियाल द्वारा प्रतिभागी बालिकाओं को व्यक्तित्व विकास के साथ स्वअनुशासन, एक दूसरे का परिचय जानना, दूसरों द्वारा कही गई बातों को ध्यान से सीखना संबंधित अभिव्यक्ति गतिविधि कराई।

# बदरीनाथ धाम में जनभावन के दृष्टिगत शुरू हुआ पौराणिक कुबेर गली ठीक करने का काम

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों पर बद्रीनाथ धाम में पौराणिक आस्था पथ कुबेर गली की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। बरसात में मलबा आने से पुराना आस्था पथ क्षतिग्रस्त हो गया था। विगत रविवार को बद्रीनाथ धाम में निरीक्षण के दौरान तीर्थ पुरोहितों ने यह समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी थी। जिलाधिकारी ने जनभावना को देखते हुए कार्यदायी संस्था को तत्काल प्रभाव से पुराने आस्था पथ कुबेर गली को ठीक करने के निर्देश दिए थे। ताकि भगवान के विग्रह का रास्ता सुचारू रहे। इस पर कार्यदायी संस्था ने सोमवार से ही आस्था पथ ठीक करने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि नदी का जल स्तर कम होने के बाद यहां पर अभी हेवी मशीनरी से रिवर फ्रंट डेवलपमेंट और पौराणिक कुबेर गली का स्थायी रूप से निर्माण किया जाना है। लेकिन जनभावना के दृष्टिगत आस्था पथ को प्राथमिकता पर ठीक कराया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर कार्यदायी संस्था ने यहां पर आस्था पथ ठीक करने का काम शुरू कर दिया है।



# हिमालय के लिए हिमालय दिवस पर हिमालय प्रतिज्ञा ली

नई टिहरी। टिहरी के विभिन्न संस्थानों व स्कूलों में हिमालय प्रतिज्ञा लेकर हिमालस संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की गई। हिमालय बचाओ अभियान को लेकर आम लोगों सहित छात्रों में खासा जोश देखा गया। सोमवार को देवप्रयाग में महिला व्यवसायियों ने हिमालय बचाओ की शपथ ली। प्रतिज्ञा लेते हुए प्रिया नेगी, सोनी नेगी, निकिता, अंजलि, रेखा आदि ने कहा कि हिमालय के संरक्षण की पहल अहम पहल है। इसमें हमसभी को भागीदारी करनी है। हिमालय के संरक्षण को कदम उठाना जरूरी है। देवप्रयाग के राजकीय महाविद्यालय चंद्रवदनी में हिमालय बचाओ अभियान के तहत प्राचार्य डॉ महंत मौर्य मौजूद छात्रों व स्टाफ को हिमालय प्रतिज्ञा दिलाते हुए हिमालय के संरक्षण के हित में काम करने का संकल्प दिलाया। राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में हिमालय



दिवस को धूमधाम से मनाते हुए प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने स्टाफ व छात्रों को हिमालय प्रतिज्ञा दिलाई। यहां पर कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. रवि चंद्र द्वारा हिमालय बचाने को महाविद्यालय परिवार को शपथ कहा कि हिमालय के आबोहवा दुरूस्त करने के लिए सभी मिलकर काम करें। डॉ. विजेंद्र लिंगवाल ने हिमालय की भौगोलिक महत्ता बताते हुए पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की आवश्यकता बताई।

# इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू

चमोली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जनपद चमोली के नवनियुक्त 27 प्राविधिक (पीएलवी) कार्यकर्ताओं का इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया है। मा0 जिला जल धर्म सिंह ने इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री छवी बंसल, न्यायिक मजिस्ट्रेट गोस्पेश्वर नवल कुमार, मुख्य कानूनी सहायक परामर्शदाता समीर बहुगुणा, रिटेनर एडवोकेट श्रीमती रेजा चौधरी, पैनल अधिवक्ता ज्ञानेंद्र खंतवाल मौजूद रहे।इस अवसर पर सिविल जज (सीडी)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के लिए माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 100 प्राविधिक कार्यकर्ताओं के चयन हेतु




निर्देशित किया गया है जिसमें से वर्तमान समय तक 60 प्राविधिक कार्यकर्ता कार्यरत हैं और 27 प्राविधिक कार्यकर्ता की इंडक्शन ट्रेनिंग के उपरांत कार्य करने हेतु नियुक्त किया जाएगा जबकि अभी भी 20 प्राविधिक कार्यकर्ता की कमी है जो जल्द ही दूर की जाएगी। निकट भविष्य में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की प्राविधिक कार्यकर्ताओं की भर्ती की जाएगी। जो कि जनपद के द्वारा क्षेत्र में कार्य करेंगे और समाज में विधिक जानकारी देंगे।

# पर्यावरण संस्थान के इआईएसीपी केन्द्र को उत्कृष्ट कार्यों हेतु मिला सम्मान

अल्मोड़ा। पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण एवं आजीविका कार्यक्रम (इआईएसीपी), जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा को हिमालयी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान एवं उत्कृष्ट कार्यों हेतु पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इआईएसीपी समन्वयक सम्मेलन 2024 के अन्तर्गत उत्तर–भारत में सर्वश्रेष्ठ केन्द्र के रूप में सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नमिता प्रसाद संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने सम्मान पत्र तथा प्रतीक चिन्ह दिया। संस्थान के इस केन्द्र की



स्थापना वर्ष 1992 में पर्यावरण मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की जागरूकता एवं शोध कार्यों को बढ़ावा देने हेतु हिमालयी जनजीवन के ज्वलन्त मुद्दों पर संसाम्यिकी कार्य करना है। साथ ही यह केन्द्र, स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु ग्रामीण महिलाओं/बेरोजगारों एवं अल्प शिक्षित लोगों को 'हरित कौशल विकास' की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु कौशल निर्माण, क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य कर रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो सुनील नौटियाल, संस्थान के चारों केंद्र प्रमुखों, एवं वैज्ञानिकों ने ई महेन्द्र सिंह लोधी, डॉ महेषा नन्द, कमल किशोर टम्टा, हेम तिवारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर को इस उपलब्धि हेतु बधाई दी है और केन्द्र द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यों हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पर चलेगा वृहद सफाई अभियान

उत्तरकाशी। स्वच्छ भारत मिशन के दस साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष इस अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता रखी गई है। जिला मुख्यालय पर सोमवार को आयोजित एक बैठक में डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि जिले के सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में तय कार्यक्रम के अनुसार आगामी 17 सितंबर से सफाई कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन कर आम लोगों को स्वच्छता से प्रति जागरूक किया जाय। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने सोमवार को इस पखवाड़े के अंतर्गत जिले में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी पंचायतों एवं नगर निकायों में वृहद स्तर पर सफाई अभियान संचालित करने के साथ ही स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। 17 सितंबर को सभी ग्राम पंचायत व नगर निकायों के वार्डों में स्वच्छता सभाओं का आयोजन करने के साथ ही स्वच्छता शपथ ली जाएगी और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# प्रशिक्षु आईएएस को मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के टिप्स बताए

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के टिप्स बताए। इसके साथ ही एम्स के चिकित्सकों ने प्रशिक्षण ले रहे 657 प्रशासनिक अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। सोमवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी में फाउंडेशन कोर्स के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें एम्स के मनोचिकित्सा विभाग के हेड डा. अनिन्द्या दास और डा. रवि गुप्ता ने अलग–अलग सत्रों में अधिकारियों को स्वस्थ रहने के टिप्स बताए। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को अधिकांश मौकों पर समय रहते सही निर्णय लेना बहुत जरूरी होता है। यह तभी संभव होगा जब हम शारीरिक और मानसिक स्तर पर दोनों ही प्रकार से स्वस्थ रहेंगे। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जीवन में स्ट्रैस कम करने के विभिन्न उपाय बताए और समझाया कि पर्याप्त नींद लेकर, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से किस प्रकार हम अपने दैनिक कार्यों और जीवन के मध्य समन्वय बनाकर मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को समय प्रबन्धन और प्रोब्लम सोल्विंग तकनीक के बारे में विस्तार से समझाया। स्ट्रैस कम करने के लिए समय–समय पर प्रकृति के साथ समय बिताने की सलाह दी। एम्स ऋषिकेश के उप निदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल अमित पराशर ने कहा कि 657 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का हेल्थ स्क्रीनिंग कर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## हिमालय दिवस धूमधाम से मनाया

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में सोमवार को हिमालय दिवस धूमधाम से मनाया गया। हिमालय दिवस पर विभिन्न संगठनों और आम लोगों ने इसके संरक्षण का संकल्प लिया।

बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में हिमालय दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कबीना मंत्री प्रेमचंद ने कार्यकर्ताओं संग पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि हिमालय की उपयोगिता और महत्व को उत्तराखंड बखूबी समझता है। पहाड़ के लोग हमेशा से हिमालय की दृढ़ता को कायम रखने के लिए दृढ़ रहे हैं।

# शिव शक्ति और अल्मोड़ा वॉरियर्स ने जीते मैच

अल्मोड़ा। विक्टोरिया प्रीमियर लीग के नवें दिन में दो मैच खेले गए। पहला मैच गोल्डन बॉयस व शिव शक्ति के बीच खेला गया। टॉस जीतकर शिव शक्ति ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 162 रन बनाए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन बॉयस 19.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। शिव शक्ति ने 14 रनों से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच शिव शक्ति के कमल बिष्ट रहे। दूसरा मैच अल्मोड़ा क्रिकेटर्स और अल्मोड़ा वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें अल्मोड़ा क्रिकेटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 157 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा वॉरियर्स टीम ने 18 ओवरों में 4 विकेट खोकर 158 रन बना कर 6 विकेटों से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच अल्मोड़ा वॉरियर्स के चिराग देउपा रहे। पहले मैच के मुख्य अतिथि किशन लाल टम्टा और दूसरे मैच के मुख्य अतिथि अनिल आर्या द्वारा खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

## दिनदहाड़े दंपति से मारपीट कर चेन लूटी

ऋषिकेश। पुराना बस अड्डा मार्ग पर दिनदहाड़े दुकानदार और उसकी पत्नी से मारपीट कर लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तलाशी में पुलिस ने आरोपी से लूटी गई सोने की चेन का टुकड़ा भी बरामद कर लिया है। जबकि, घटना में संलिप्त एक महिला समेत चार लोगों को पुलिस ने मारपीट में आरोपी बनाया है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक शिवम गांधी, निवासी बंगाली मंदिर रोड, ऋषिकेश ने तहरीर देकर बताया कि आठ सिंतबर को वह पत्नी के साथ दुकान पर बैठे थे।

# जिलाधिकारी अल्मोड़ा आलोक कुमार पांडे ने कार्यभार किया ग्रहण

अल्मोड़ा। जिले के नवागंतुक जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने कलेक्ट्रेट पंहुचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक कुमार पांडे पद ग्रहण करने से पूर्व अपर सचिव सहकारिता, पंचायती राज, निबंधक सहकारिता एवं निदेशक स्वजल के पद पर कार्यरत थे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी एवं अन्य ने नव नियुक्त जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात



उन्होंने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया और सम्बन्धित पटल सहायकों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायत कक्ष, भूमि अध्याप्ति कक्ष, जिला विकास प्राधिकरण, आपदा कंट्रोल रूम, स्टाम्प कक्ष, जनाधार कक्ष, भूमि अभिलेख कक्ष, अभिलेखागार राजस्व अभिलेख एवं निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य पटलों का निरीक्षण किया। इसके बाद कोषागार पहुंचकर उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। वहां उन्होंने कोषागार का गहनता से डबल लॉक, सिंगल लॉक आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात नवागंतुक जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्टाफ के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि उनके पास कम से कम फाइलें लंबित रहे इसका विशेष ध्यान रखें।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र सौरभ भण्डारी व उसकी पत्नी नेहा भण्डारी (पुत्रवधु) मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा आये दिन हमें परेशान करते रहते है तथा गाली-गलौच करते रहते है। जिस कारण मैं अपने पुत्र सौरभ भण्डारी व पुत्रवधु नेहा भण्डारी से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। मेरा उक्त पुत्र एवं पुत्रवधु दोनों अपनी कथनी करनी के लिए स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। उनका मुझ से व मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। हम इनसे सम्बन्ध विच्छेद करते है।

**जसपाल सिंह पुत्र श्री भरत सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट पदमपुर, गढ़वाली टंकी के निकट, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**(0426/21)**


# एसएसजे विवि के छात्र सुपर–30 जरिए करेंगे जेईई व नीट की निशुल्क तैयारी

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को जेईई व नीट 2025 परीक्षा हेतु तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने शुरुआत कर दी है। आज इसी संबंध में सुपर–30 के निदेश-क आशीष मोहन गुप्ता ने विश्वविद्यालय के कुलपति से भेंट की और विद्यार्थियों से संवाद किया।

कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि राज्यमंत्री अजय टम्टा के सहयोग से जेईई व नीट–2025 की परीक्षाओं के लिए इस पर्वतीय अंचल के विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। प्रो बिष्ट ने बताया कि विश्वविद्यालय में ऐसे मेधावी छात्र–छात्राएं भी ज्ञानार्जन करते हैं जिनके परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। ऐसे में इस परीक्षा हेतु तैयार करने और उन होनहार विद्यार्थियों को एक



बेहतर मौका देने के लिए प्रयास कर रहा है। चयनित विद्यार्थियों को सुपर 30 द्वारा कोचिंग, भोजन, आवास, अध्ययन सामग्री की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों को चयन हेतु आवेदन करना होगा। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा होगी और चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। सुपर 30 के निदेशक आशीष मोहन गुप्ता ने सुपर 30 के बारे में कुलपति से वार्ता की और विद्यार्थियों से संवाद किया।

# धौंतरी में व्यक्ति की हत्या की आशंका पर एसआइटी जांच की मांग

उत्तरकाशी। डुंडा ब्लॉक के अंतर्गत धौंतरी स्थित ठांडी गांव के एक व्यक्ति का शव नदी किनारे संदिग्ध अवस्था में बरामद होने पर परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। परिजनों और ग्रामीणों ने इस संबंध में सोमवार को उत्तरकाशी जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम और एसपी से मुलाकात में मामले की एसआईटी जांच की मांग रखी। साथ ही कोतवाली उत्तरकाशी में तहरीर दी है। कलक्ट्रेट परिसर में डीएम से मिलने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ठांडी गांव निवासी जयपाल सिहं पुत्र कौर सिंह बीते 2 सितंबर की शाम को आखिरी बार कमद खाल्द बाजार में देखा गया था। उसके बाद जयपाल सिंह घर वापिस नहीं आया। बीते चार सितंबर को ग्राम सभा बागी के ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे पुलिस को सूचना दी कि चरगडी नामे तोक में पुल के पास नदी के किनारे एक शव नग्न अवस्था में पड़ा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लिया। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के शरीर तथा सिर पर चोट के निशान तथा कन्धे पर बायीं ओर पीछे की तरफ भी चोट के निशान देखे गए। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। ग्रामीणों ने इस मामले की एसआइटी जांच कर जल्द दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। मामले में शीघ्र कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने 16 सितंबर को कमद धौंतरी में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। डीएम और एसपी से मिलने वालों में उत्तम सिंह गुसांई, रामी देवी, विशन सिंह नेगी, क्षेपंस सुमित्रा देवी, धन सिंह पंवार, राजेंद्र भट्ट, चत्तर दास, सुषमा देवी, अतरा देवी शामिल रहे।


**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा अक्षत शाह पुत्र मारूति नन्दन शाह, निवासी-हाउस नं0-86, रामसाय रोड़, तल्लीताल, नैनीताल, उत्तराखण्ड को जनपद पौड़ी गढ़वाल के तहसील कोटद्वार के ग्राम रतनपुर, पट्टी सनेह, काशीरामपुर कुल 1.653 हे0 क्षेत्रफल में रेता/बजरी/बोल्डर खनन के लिए पर्यावरण की दृष्टि से ''एनवायरमेंट क्लीयरेंस'' प्राधिकरण के पत्र संख्या 236 01 (120)/2024 दिनांक 31-07-2024 के द्वारा प्रदान की जा चुकी है।

**''एनवायरमेंट क्लीयरेंस'' राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) उत्तराखण्ड कार्यालय में उपलब्ध है।**

(0429/21)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने समिति का नाम समर्पण सेवा समिति पता-पदमपुर,सुखरो, कोटद्वार, पिन कोड–246149, पौड़ी गढ़वाल रखा है। यदि किसी को भी समिति के नाम और पते से आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 10 दिन के अंदर उप निबंधक फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय पौड़ी में आपत्ति दर्ज करें।

**सचिव**
**सचिन नेगी**
**(0430/21)**


# ठेकेदार संघ का लोनिवि के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। लोक निर्माण विभाग की ओर से ठेकेदारों का बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर सोमवार को राजकीय ठेकेदार संघ ने आक्रोश जताकर प्रदर्शन किया। उन्होंने भुगतान नहीं किए जाने तक विभाग द्वारा जारी निविदाओं का बहिष्कार जारी रखने की चेतावनी दी। चेताया कि विभाग ने उनकी अनदेखी की तो दफ्तर में तालाबंदी की जाएगी। सोमवार को ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के समीप लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में राजकीय ठेकेदार संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। ठेकेदारों ने कहा कि बीती चार सितंबर को विभाग द्वारा एक निविदा जारी की गई। जिसका ठेकेदारों ने बहिष्कार किया है। कहा कि ठेकेदारों के समक्ष एसओआर, रॉयल्टी की बढ़ी हुई दरें आदि कई समस्याएं व्याप्त हैं। काफी समय से ठेकेदारों का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। जब तक विभाग ठेकेदारों की एसओआर के रेट बढ़ाने, रॉयल्टी की दरें कम करने, पंजीकरण की जटिलता दूर करने, ठेकेदारों के बकाया भुगतान आदि मांगों को पूरा नहीं करता, सभी निविदाओं का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान लोनिवि के अधिशासी अभियंता को मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, गौतम राणा, महेश चौहान, खुशाल सिंह राणा, जगवीर नेगी, दीपक बिष्ट, मुकेश पाण्डेय, प्रिंस भट्ट, शिव शंकर, अनूप नौटियाल, रमेश रांगड़, घनश्याम रावत, नितिन, सोवन सिंह पंवार आदि शामिल रहे।

## गणपति बप्पा मोरय्या के जयकारों से गूंजी तीर्थनगरी

ऋषिकेश। गणपति सेवा मंडल ऋषिकेश ने गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया। श्रद्धालुओं ने सोमवार को नगर निगम परिसर में स्थापित गणपति की मूर्ति का त्रिवेणी घाट में विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने विसर्जन से पहले निकाली गई शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। सोमवार को गणपति सेवा मंडल ऋषिकेश ने नगर निगम से लेकर हरिद्वार मार्ग, घाट चौक, घाट रोड होते हुए त्रिवेणी घाट तक शोभायात्रा निकाली। यात्रा में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया...के नारे लगाए। इस दौरान जगह–जगह शोभायात्रा पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा की। त्रिवेणी घाट पर पहुंचने के बाद भगवान गणेश की आरती की गई और प्रतिमा का गंगा में विसर्जन किया गया। विसर्जन के पश्चायत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## एसआरएचयू के शूटर शौर्य ने जीता गोल्ड मेडल

ऋषिकेश। एसआरएचयू के छात्र शौर्य सैनी ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज की है। जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में शौर्य ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। शौर्य की इस सफलता पर विवि के छात्र–छात्राओं ने खुशी जताई। जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने कहा कि हमारे लिए छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास प्राथमिक उद्देश्य है। शौर्य नए उदीयमान खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। हमें उम्मीद है कि शौर्य ओलंपिक में भी गोल्ड मेडल हासिल कर दुनिया में देश और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे।

शौर्य ने जर्मनी के हैनओवर में आयोजित वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में तीसरी पोजिशन से 50 मीटर रेंज में गोल्ड पर निशाना साधकर 452.4 स्कोर के साथ विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त 10 मीटर एयर राइफल (बधिर वर्ग) में रजत पदक हासिल किया। शौर्य ने कहा कि ओलंपिक खेल में प्रतिभाग कर भारत के लिए मेडल जीतने का उनका सपना है। ओलंपिक की तैयारी के लिए नई पिस्टल व जरूरी साजो– सामान के लिए विश्वविद्यालय ने उन्हें चार लाख रुपये की आर्थिक मदद भी प्रदान की जा चुकी है। कुलपति डॉ.राजेंद्र डोभाल ने शौर्य को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद–दीपक अध्यक्ष,नमांशु मंत्री बने

पिथौरागढ़। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की ट्रैफिक शाखा के चुनाव कर्मचारी नेता मोहन सिंह भंडारी,नवीन चन्द्र कोठारी की देखरेख में हुए। जिसमें दीपक चन्द्र कठायत को अध्यक्ष चुन लिया गया। नमांशु को शाखा मंत्री चुना गया। सचिन आर्या कोषाध्यक्ष, दीपक सिंह बोहरा, रजत कुमार उपाध्यक्ष, राकेश कुमार, हीरा सिंह सामंत संयुक्त मंत्री, दीपक पाण्डेय संप्रेक्षक और अंजना को संगठन मंत्री चुना गया। नवीन चन्द्र कोठारी और सुंदर लाल बंग्याल क्षेत्रीय सदस्य चुने गए।


**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।**

**उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग**

पत्रांकः- 3503/18ए0सी0 दिनांकः- 07/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 20/09/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/09/2024 से 19/09/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 20/09/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र-लैन्सडौऊन के विकासखण्ड नैनीडांडा-के अन्तर्गत हल्दूखाल से बवाणी तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य (द्वितीय चरण स्टेज-I) के अन्तर्गत कि0मी0 1 में पहाड़ कटान एवं मलवा डिस्पोजल का कार्य। (चैनज 0.000 से 0.500) | 35,000.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 21/09/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**
**(0425/57)**

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।**

**उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग**

पत्रांकः- 3495/18ए0सी0 दिनांकः- 06/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 20/09/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/09/2024 से 19/09/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 20/09/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकास खण्ड यमकेश्वर में मोहन चट्टी से कुमार्था तक 03 कि0मी0 मोटर मार्ग का निर्माण कार्य 01 नं0 स्टील गार्डर सेतु सहित, हेतु सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, डिजाइन, ड्राईंग, डी0पी0आर0 गठन (टी0ओ0आर0 के अनुसार) एवं आई0आई0टी0 से वैट का कार्य। | 44,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 04 माह | कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड, लो0नि0वि0 देहरादून में |
| 2 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-238/2024 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के ब्लॉक दुगड्डा के अन्तर्गत कोटद्वार में स्थित गबर सिंह कैम्प में 25 मीटर स्पान आर0सी0सी0 सेतु निर्माण, हेतु सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, डिजाइन, ड्राईंग, डी0पी0आर0 गठन (टी0ओ0आर0 के अनुसार) एवं आई0आई0टी0 से वैट का कार्य। | 12,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | सेतु कार्य हेतु सूचीबद्ध एमपैनल्ड परामर्शी संस्थायें। |
| 3 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत राजबाट से रिंगवाड़गांव मोटर मार्ग के कि0मी0 1 में गदेरा पर सेतु का निर्माण कार्य हेतु सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, डिजाइन, ड्राईंग, डी0पी0आर0 गठन (टी0ओ0आर0 के अनुसार) एवं आई0आई0टी0 से वैट का कार्य। | 17,500.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 03 माह | |

निविदा दिनांक 21/09/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**
**(0424/57)**

उत्तराखण्ड शासन

# नयेपन की तलाश, अपनेपन का अहसास उत्तराखण्ड





HAR MAUSAM UTTARAKHAND

## देखिए भक्ति, संस्कृति और रोमांच का अद्भुत संगम

“ माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम राज्य के समग्र विकास, प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है, जहां परंपरा व नवीनता का संगम होता है और हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि एवं कल्याण की दिशा में योगदान देता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

“ उत्तराखण्ड देवभूमि है। यह प्रदेश जिस तरह कानून-व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास पथ पर बढ़ रहा है, वह प्रशंसनीय है। यह प्रयास देवभूमि की पहचान बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। इसलिए मुझे विश्वास है कि निकट भविष्य में देवभूमि उत्तराखण्ड पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना का आकर्षण केंद्र बनेगी और हमें इसी क्षमता के अनुसार उत्तराखण्ड का विकास करना है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री




## वेडिंग के लिए बना नया डेस्टिनेशन

धार्मिक, आध्यात्मिक, हसीन वादियों, हरे-भरे और बर्फीले पर्वतों का गढ़ है देवभूमि उत्तराखण्ड जो बेहतर कनेक्टिविटी, शानदार इन्फ्रास्ट्रक्चर और सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। धामी सरकार राज्य में तीर्थटन और पर्यटन के साथ-साथ डेस्टिनेशन वेडिंग की परंपरा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है और इससे संबंधित सुविधाएं लगातार विकसित की जा रही हैं। लोग उत्तराखण्ड के पवित्र धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्थलों पर डेस्टिनेशन वेडिंग आयोजित करने में दिलचस्पी ले रहे हैं। पर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद, यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड 'डेस्टिनेशन वेडिंग' के गंतव्य के रूप में अपनी जगह बना सकता है।

देवभूमि उत्तराखण्ड वह पवित्र स्थल है, जो अपने विवाह समारोह के लिए प्रसिद्ध है। उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले के त्रियुगी-नारायण गांव में स्थित श्री त्रियुगीनारायण मंदिर उनमें से एक है। ऐसी मान्यता है कि यही वह स्थान है, जहां भगवान शिव ने माता पार्वती के साथ सात फेरे लिए थे। यही कारण है कि यहां प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में जोड़ियां शादी के पवित्र बंधन में बंधते हैं। यह स्थान डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में नई पहचान बना रहा है।

इसी प्रकार, धर्मनगरी हरिद्वार के शांतिकुंज में हर साल बड़ी संख्या में जोड़े विधि-विधान के साथ जन्म-जन्मांतर की डोर में बंधते हैं। तीर्थनगरी ऋषिकेश की बात की जाए तो मौजूदा समय में यह स्थल देश-विदेश के युवाओं के लिए प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। मसूरी, नैनीताल और रामनगर सभी आलीशान सुख-सुविधाओं से संपन्न स्थलों में एक हैं, जिसके वेडिंग डेस्टिनेशन का चलन देश-विदेश तक बढ़ रहा है। प्रकृति की गोद में विवाह करने के लिए उत्तराखण्ड में औली जैसे हिल स्टेशन यानी 'मिनी स्विट्जरलैंड' भी हैं।

उत्तराखण्ड में पर्यटन और तीर्थटन की विकसित सुविधाओं की वजह से यहां वेडिंग डेस्टिनेशन के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के 'वेड इन इंडिया' के नारे के बाद अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि धामी सरकार इस मुहिम की दिशा में तेज गति से काम करेगी। 'वेड इन इंडिया' आंदोलन आने वाले समय में उत्तराखण्ड को वेडिंग के लिए सबसे परफेक्ट डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाएगा। इससे स्थानीय कारोबार में वृद्धि के साथ आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

## तीर्थटन और पर्यटन का प्रदेश, हर उम्र के लिए कुछ विशेष

**इन मनमोहक जगहों पर आप जरूर जाएं: प्रकृति की गोद में बसे ये सुरम्य स्थल आपके दिल को छू लेंगे**

उत्तराखण्ड की मनमोहक प्राकृतिक संपदा में कई ऐसे स्थल हैं, जो किसी खजाने से कम नहीं है। आप देवभूमि आएं तो इन स्थलों पर जरूर जाएं। पर्यटकों की चहल-पहल भरी जगह से दूर, कम पहचाने जाने वाले ये डेस्टिनेशन आपकी यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। आप प्रकृति से सीधे जुड़ पाते हैं। सुरम्य कार्तिकेय स्वामी मंदिर से लेकर पेओरा के शांत गांव तक, खिरसू के लुभावने नजारे और मंडल की अनछुई सुंदरता जैसे स्थानों का अनूठा आकर्षण है। चौकोरी के हरे-भरे रमणीय पंगोट में पक्षियों के बीच बर्डवॉच का आनंद लेना न भूलें। ग्वालदमख् एबट माउंट, शीतलाखेत और नागथात के शांतिपूर्ण माहौल मन को शीतलता प्रदान करने वाले स्थल हैं। उत्तराखण्ड के ये छिपे खजाने अनोखी यात्रा पर जाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। निश्चित रूप से आप यहां की शांति और प्राकृतिक सुंदरता के कायल हो जाएंगे। सच मानिए आप ऐसे स्थल पर पहुंच सकेंगे, जिनके बारे में आपने पहले कल्पना तक नहीं



की होगी। इन स्थलों की यात्रा आपको जीवनभर याद रहने वाला अनुभव देगी। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड के सीईओ सचिन कुर्वे कहते हैं कि उत्तराखण्ड के ये कम ज्ञात गंतव्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करते हैं। उदाहरण के लिए कार्तिकेय स्वामी मंदिर, उत्तराखण्ड के सुंदर परिदृश्य में बसा हुआ है। यह पारंपरिक वास्तुकला और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाता है। राज्य के कोने-कोने में हम लीक से हटकर ऐसे गंतव्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और हमार उद्देश्य पर्यटकों को अद्वितीय अनुभव प्रदान करना और स्थायी पर्यटन विकास को बढ़ावा देना है।

## उत्तराखण्ड होमस्टे योजना के साथ ग्रामीण पर्यटन का निरंतर विकास

**सरकार के प्रयास से उत्तराखंड में पर्यटन योजनाओं के माध्यम से स्थानीय आबादी को रोजगार मिले हैं। साथ ही, इस पहल से राज्य की अर्थव्यवस्था में भी मजबूती आई है।**

उत्तराखण्ड को 'देवताओं की भूमि कहा जाता है। प्रदेश अपने में न केवल लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता को समेटे हुए है, बल्कि यात्रियों को होमस्टे के माध्यम से स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का अनुभव करवाने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करता है। ऐसे में, 'दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास योजना' के अंतर्गत चल रहे होमस्टे से न केवल स्थानीय लोगों को स्वरोजगार मिला है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा शुरू की गई 'दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास योजना' के अंतर्गत होमस्टे व्यवस्था को गति मिली है। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय लोगों को आय का एक स्थायी स्रोत प्रदान करके उनकी आर्थिक स्थिति का उत्थान करना है। योजना के तहत स्थानीय लोगों को अपने ही घरों पर घरेलू और विदेशी पर्यटकों की मेहमानदारी का अवसर मिलता है। इस तरह से पर्यटकों को उत्तराखण्ड के देसी व्यंजनों, स्थानीय संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत, पारंपरिक पहाड़ी जीवन शैली और कला को समझने का अवसर मिलता है। इसके माध्यम से वे ऐसे स्थलों तक पहुंच रहे हैं, जिनके बारे में उन्होंने पहले सुना नहीं था।

वर्तमान में उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग के साथ लगभग 5000 पंजीकृत होमस्टे सूचीबद्ध हैं। इन होमस्टे में हिमालय की गोद में बसे आरामदायक कॉटेज से लेकर लकड़ी से बने पारंपरिक घर तक शामिल है, जो इस क्षेत्र के वास्तुशिल्प को दर्शाती है हर होमस्टे पर्यटकों को आरामदायक और खातिरदारी करने वाला माहौल प्रदान करता है, जिससे वे स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ सकते हैं।



उत्तराखण्ड में होमस्टे के विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ये आवास पर्यटकों को न केवल अनूठा और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करते है, बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करके स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप उनके योगदान से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। होमस्टे मालिक अक्सर आसपास के कारीगरों, किसानों और सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग करते हैं। इससे स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला और सतत विकास को बढ़ावा मिलता है।

होमस्टे ने राज्य से पलायन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहना होगा कि इस योजना ने आमदनी को बढ़ाने के साथ ही स्थानीय लोगों को पलायन न करने व अपने समुदायों को बढ़ावा देने व विकास करने का ठोस आधार प्रदान किया है। इससे राज्य की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को संरक्षित करने में मदद मिली है। इससे आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहेंगी।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि ग्रामीण इलाके पर्यटन के केंद्र बन रहे हैं। साथ ही हर पर्यटन स्थल अपना खुद का राजस्व मॉडल भी विकसित कर सकता है। हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए होमस्टे और छोटे होटलों जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है**

उत्तराखण्ड में होमस्टे की लोकप्रियता अपने आप में इस बात का प्रमाण हैं कि यह योजना यात्रियों के दिल को छू रही है। पर्यटक केवल आरामदायक आवास की तलाश नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि वे नए गंतव्य और लोगों के साथ आपसी संबंध को भी मजबूती देना पसंद कर रहे हैं। होमस्टे योजना दरअसल में प्रदेश के स्थानीय तौर-तरीकों से जुड़ने के साथ ही पर्यटकों के मन में राज्य की एक नई छवि प्रस्तुत कर रही है। वे यहां रहकर खुशनुमा यादें लेकर वापस जा रहे हैं।

## अनदेखे रोमांच का अद्वितीय संगम

### उत्तराखण्ड दुनियाभर के रोमांच खेल प्रेमियों को अनूठा अनुभव प्रदान करता है

देश में जब रोमांच पर्यटन की बात आती है, तो उत्तराखण्ड अपने विविध परिदृश्यों और रोमांच प्रेमियों का पसंदीदा स्थान बन जाता है। यहां रोमांचक गतिविधियों की कोई कमी नहीं है। आपको यहां जोश से भर देने वाले कई खेल खेलने को मिल जाते हैं और यही कारण है कि दुनियाभर के रोमांच प्रेमियों के लिए यह राज्य असाधारण अनुभव प्रदान करता है। कई सैलानी तो केवल इन गतिविधियों में शामिल होने के लिए ही उत्तराखण्ड आते हैं। एडवेंचर के दीवानों के लिए यहां रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग, हाइकिंग और बंजी जंपिंग समेत कई तरह के रोमांचक खेल और गतिविधियां मौजूद हैं।

**ट्रैकिंग और हाईकिंग**

ट्रैकिंग और हाइकिंग के माध्यम से आप उत्तराखण्ड के सुदूर जगहों की यात्रा कर सकते हैं। यहां पारंपरिक रूपकुंड ट्रैक पर ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है, जहां हरे-भरे जंगल और घास के मैदानों के बीच या फूलों की घाटी के बीच से होकर गुजरना सुखद अहसास दे सकता है। लंबी सैर करने वालों के लिए केदारकांठा और गौमुख-तपोवन ट्रैक जीवन भर के लिए यादगार अनुभव दे जाते हैं।

**बंजी जंपिंग**

विश्व की योग राजधानी के रूप में भी पहचाना जाने वाला ऋषिकेश अपने जोशीले रोमांच के लिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां पूरे देश में सबसे ऊंची बंजी जंपिंग में साइट है। गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने की इच्छा रखने वाले रोमांच प्रेमी शानदार हिमालय पहाड़ियों के बीच बंजी जंपिंग करने के लिए यहां आते हैं।

**स्कीइंग**

चमोली जिले में स्थित औली को स्कीइंग प्रेमियों के केंद्र के रूप में जाना जाता है। दूर तक बर्फ से ढकी पहाड़ी ढलानों के साथ रोमांच प्रेमी इसके शीतकालीन वंडरलैंड से रास्ता तय करते हुए औली की यात्रा करते हैं। यह शानदार स्थल राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां एथलीटों को अपनी ताकत दिखाने का पूरा मौका मिलता है।

**रिवर राफ्टिंग**

उत्तराखण्ड की नदियां केवल राज्य की सुंदरता को ही नहीं बढ़ाती हैं, बल्कि व्हाइट वॉटर राफ्टिंग के प्रेमियों में जोश भर देती हैं, जो यहां रोमांच के लिए आते हैं। जब पर्यटक सफेद पानी में राफ्टिंग के माध्यम से रैपिड्स पर विजय प्राप्त करते हैं या गंगा, टोंस और अलकनंदा नदियों में एक शांत कैनोइंग या कयाकिंग के दौरान पानी पर नौका चलाते हैं, तो निश्चित रूप से उन्हें अलग रोमांच का अनुभव मिलता है।





**पैराग्लाइडिंग**

रोमांच प्रेमी यहां आसमान की सैर भी कर सकते हैं और पैराग्लाइडिंग से उत्तराखण्ड की भव्यता का आनंद ले सकते हैं। नैनीताल, मुक्तेश्वर, या पिथौरागढ़ के मनोरम स्थानों से वह आसमानी उड़ान भरकर शानदार हिमालयी इलाकों का नजारा भी ले सकते हैं। रोमांच के अलावा, उत्तराखण्ड के पर्यटन क्षेत्र ने स्थानीय निवासियों के लिए समृद्धि भी लाई है और यहां रोजगार की संभावनाएं सृजित की हैं। इससे रोमांच पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास को भी बढ़ावा मिला है।

#ExploreUttarkhand

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## सम्पादकीय

# बंपर नौकरियों की सौगात

उत्तराखंड सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए चार हजार से अधिक नौकरियां देने की घोषणा की है, इसके लिए तैयारी की जा रही है और जल्दी भर्ती प्रक्रिया की औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में रोजगार को एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनाकर पेश किया था और अब सरकार धीरे–धीरे अपने इस वादे को पटरी पर उतरने का प्रयास कर रही है। हालांकि इससे पूर्व विभिन्न पदों पर की गई भर्तियों को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई है जिसके कारण उत्तराखंड देश भर में चर्चाओं में रहा था। बड़े पैमाने पर नकल एवं भरती माफियाओं का नाम सामने आया था और कई भर्तियों को रद्द भी करना पड़ा। इधर सरकार ने परीक्षा एवं भारतीयों पर लगे इस दाग को न केवल मिटाने का काम किया बल्कि नकल विरोधी अधिनियम बनाकर ऐसे मंसूबे रखने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के रास्ते भी साफ कर दिए। अब 4400 सरकारी नियुक्तियां उपलब्धियों की श्रृंखला की एक और कड़ी जोड़ने की राह पर सरकार निकल पड़ी है। दावा किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के ऐसे पहले मुख्यमंत्री है जिनके अब तक के कार्यकाल में युवाओं को सबसे अधिक नौकरियां महिया कराई गई है। राज्य में सरकारी नौकरियों को लेकर सीएम धामी के नेतृत्व में सरकार नित नए नए आंकड़े छू रही है। जल्द ही भर्तियों की प्रक्रिया शुरू होगी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इन परीक्षाओं को पूरी तरह से पारदर्शी बनाया जाए ताकि योग्य अभ्यर्थी अवसरों से चूक न जाए। पिछली कुछ भर्तियों में ऐसे कई मामले सामने आए थे जिसमें मोटी रकम लेकर नकल माफियाओं ने ऐसे लोगों को सरकारी पदों तक पहुंचा जो इसके योग्य ही नहीं थे। पूरे देश में उत्तराखंड का यह प्रकरण चर्चा में रहा तो राज्य सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल निरोधक कानून उत्तराखंड में लागू किया, जिसके कारण युवाओं के सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए पारदर्शी एवं समान अवसर मिलने की उम्मीदें बलवती हुई हैं। निश्चित तौर पर पारदर्शी व्यवस्आथां के तहत आने वाले दिनों में राज्य सरकार की युवाओं को रोजगार प्रदान करने की कोशिशों से विकसित उत्तराखंड का निर्माण होगा। आमतौर पर राजनीतिक पार्टियों के घोषणा पत्र विधानसभा चुनाव के वादों तक ही सीमित रहते हैं लेकिन यहां राज्य सरकार की सराहना करनी होगी कि वह न केवल रोजगार के मुद्दे पर बल्कि दूसरे क्षेत्रों में भी राज्य के विकास के लिए किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रयास कर रही है। किसी भी सरकार का यह प्रथम कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने प्रदेश के युवाओं को जीविका एवं एक अच्छे भविष्य के लिए अवसर प्रदान करें और यह तभी संभव है जब सरकार रोजगार एवं स्वरोजगार के साधन उपलब्ध करेगी।

# बलात्कार के दोषी को फांसी की सजा

**विजय तिवारी**

आजकल एक हवा चली है कि कोई भी आपराधिक घटना हो जाए और मामला किसी पार्टी या संगठन से जुड़े व्यक्ति का हो तो तुरंत ही चक्काजाम या थाने का घेराव होना लाज़मी है ! और मामला बलात्कार का हो या लडक़ी को अगवा करने का हो तब तो फौरी इंसाफ की बात होती है। मामला यह हो जाता है कि आरोपी को भीड़ अपराधी घोषित कर देती है। भले ही कोई सबूत हो या ना हो !

इसमें राजनेताओं और राजनीतिक पार्टियों की भी भूमिका कम नहीं, वे भी आग में घी डालने का काम करते हैं, बशर्ते सरकार उनके विरोधी की हो। जैसा कि बंगाल के कलकत्ता में हुआ। हालत इतने उलझ गए कि बंगाल की विधानसभा में ममता सरकार ने एक कानून ही पारित कर दिया कि बलात्कार के दोषी को फांसी की सजा दी जाए। अब सरकार में विधि सचिव की बुद्धि और ज्ञान सब कुछ मंत्री के आदेश के सामने लाचार हो गए।

दिल्ली में हुए निर्भया कांड में भी जनता ने (राजनीतिक दलों नहीं लेने दिया गया था) ऐसी ही मांग रखी थी। केंद्र ने भी जनता की मांग पर सुप्रीम कोर्ट के सेवा निव्रत प्रधान न्यायाधीश वर्मा की अध्यक्षता मे एकल सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। उन्होंने अपनी सम्मति में लिखा था कि आरोपी के लिए निर्धारित प्रक्रिया से ही अपराधी घोषित किया जा सकता है, तब ही उसे सजा दी जा सकती है। निर्भय कांड मे दोषियों को सजा "फांसी" सालों बाद दी जा सकी। लिखने का तात्पर्य यह है कि दोषियों की गिरफ्तारी और जल्दी सुनवाई की मांग तो की जा सकती है और उसे




सरकार पूरा भी कर सकती है, पर सरकार किसी भी कानून द्वारा आरोपी को सजा नहीं दे सकती।

अब यह स्थिति सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को मालूम भी होती है, परंतु राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए वे अपने भाषणों में आरोपियों को तुरंत लटकाये जाने की मांग करते रहते हैं। अब ऐसे नेताओं से कौन पूछे कि किस विधि से आंदोलनकारियों की मांग को तुरंत पूरा किया जा सकता है ? वे कभी भी इस सवाल का जवाब नहीं दे पाएंगे। क्यूंकि भारत में न्याय की एक प्रक्रिया है जो सभी देश के नागरिकों पर लागू होती है। अदालत के 4 चरण होते है, पहला मजिस्ट्रेयत फिर सेशन कोर्ट तब हाई कोर्ट और अंत में सुप्रीम कोर्ट। सेशन कोर्ट दोषों को फांसी की सजा सुना तो सकता है परंतु उस पर मुहर हाई कोर्ट को लगाना जरूरी है।

अर्थात हाई कोर्ट तक मामले की सुनवाई तो होगी ही। अब आंदोलनकारियों की मांग को पूरा करने के लिए इन अदालतों को सभी काम छोडक़र उस एक मामले की सुनवाई के लिए तैयार बैठे ! ऐसा हो नहीं सकता क्यूंकि यह संभव ही नहीं असंभव ही है। तब बार क्यू दोषी को तुरंत फांसी देने का आश्वासन और कानून ? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ओक ने अभी अपने एक भाषण में कहा भी है कि भीड को तुरंत न्याय देने के बयाख्रान बिल्कुल गलत है। यह न्याय प्रक्रिया को चोट पँहुचाते हैं। तो यह है सुप्रीम कोर्ट की रॉय।हाँ हरियाणा में पाँच युवकों ने जिन्हे गौ रक्षक बताया जा रहा है उन्होंने एक कार में सवार परिवार पर इसलिए गोलियां बरसा कर एक युवक की हत्या कर दी, क्यूंकि उनके अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि कर में गौ तस्कर घूम रहे हैं। इसलिए उन्होंने कार का पीछा कर के चलती कार पर गोली वर्षा कर दी ! अब दो सवाल है कि यह गौ तस्कर क्या होते हैं ? दूसरे गए की तस्करी किस प्रकार की जा सकती है ? हरियाणा की हिंदुवादी सरकार का रिकार्ड काफी खराब रहा है, गाय के परिवहन को गाय की तस्करी बता कर मुस्लिम लोगों को मारने –पीटने और यंहां तक कि उनकी हत्या करने का भी मामला चल चुका है।जब राजस्थान के चार मुस्लिम ग्वालों को पीट –पीट कर मारने का। अदालत में इस मुकदमे में हरियाणा सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। यंहा सवाल यह है कि पुलिस को तो पूछने का जांच करने का अधिकार है पर इन गौ भक्तों को किसी की तलाशी लेने या पूछने का अधिकार कहां से मिल गया। जरूर ही सरकार की शह पर पुलिस को पंगु बना कर विधि के राज को असफल करने का मामला हैं।

**दिल्ली में हुए निर्भया कांड में भी जनता ने (राजनीतिक दलों नहीं लेने दिया गया था) ऐसी ही मांग रखी थी। केंद्र ने भी जनता की मांग पर सुप्रीम कोर्ट के सेवा निव्रत प्रधान न्यायाधीश वर्मा की अध्यक्षता मे एकल सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। उन्होंने अपनी सम्मति में लिखा था कि आरोपी के लिए निर्धारित प्रक्रिया से ही अपराधी घोषित किया जा सकता है, तब ही उसे सजा दी जा सकती है। निर्भय कांड मे दोषियों को सजा "फांसी" सालों बाद दी जा सकी। लिखने का तात्पर्य यह है कि दोषियों की गिरफ्तारी और जल्दी सुनवाई की मांग तो की जा सकती है और उसे सरकार पूरा भी कर सकती है, पर सरकार किसी भी कानून द्वारा आरोपी को सजा नहीं दे सकती।**

# अराजकता जैसी स्थिति

बदलाव के सकारात्मक परिणाम की उम्मीदें गुजरे लगभग तीन हफ्तों में बिखर चुकी हैं। इस दौर में अराजकता जैसी स्थिति बनी रही है। इससे ये धारणा गहरी होती चली गई है कि फिलहाल किसी नई शुरुआत की संभावना नहीं है।बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन के सफल होने के बाद देश के जिन हलकों में उम्मीद का माहौल बना, वहां अब मायूसी घर कर रही है। बदलाव के सकारात्मक परिणाम होने की उम्मीदें गुजरे लगभग तीन हफ्तों में बिखर चुकी हैं। इस दौर में अराजकता जैसी स्थिति बनी रही है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्रतिशोध से प्रेरित हिंसा के जारी रहने से यही धारणा बनी है कि अत्याचार के निशाने भले बदल गए हों, लेकिन देश में फिलहाल किसी नई शुरुआत की उम्मीद नहीं है।इसी बीच कार्यवाहक सरकार ने जमात–ए–इस्लामी और उसके छात्र संगठन छात्र शिविर पर से प्रतिबंध हटा लेने का एलान किया है। सरकार के मुताबिक इन संगठनों के दहशतगर्दी में शामिल होने के कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं हुआ। इसी बीच एक दशक पहले एक धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर की हत्या के दोषी एक व्यक्ति को भी जेल से इस तर्क पर रिहा कर दिया गया है कि वह अपनी सजा भुगत चुका है।इन निर्णयों से उचित ही यह सवाल उठा है कि क्या बांग्लादेश के सत्ता तंत्र पर कट्टरपंथी इस्लामी तत्व हावी होते जा रहे हैं। उधर यह धारणा भी बनी है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बिना सत्ता में हुए सत्ताधारी दल जैसा व्यवहार कर रही है। इस बीच बांग्लादेश के स्वतंत्रता अभियान की धर्मनिरपेक्ष विरासत की वकालत करने वाली किसी शक्ति का अभाव नजर आया है।बंगबंधु शेख मुजीब से जुड़े ठिकानों और 1971 के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित स्मारकों को नष्ट करने की घटनाओं के साथ इस शून्यता को जोड़ कर देखा जाए, तो यह आशंका तार्किक नजर आती है कि बांग्लादेश ऐसी डगर पर चल चुका है, जिससे पीछा छुड़ाते हुए वह अस्तित्व में आया था। इस बीच सडक़ों पर हिंसक टकराव जारी हैं। अब तक केंद्रीय सत्ता को सख्ती से लागू करने में सहयोग करने को लेकर सेना अनिच्छुक बनी हुई है। पांच अगस्त को भंग हुई पुलिस व्यवस्था अब तक प्रभावी ढंग से बहाल नहीं हो पाई है। इसका असर कारोबारी गतिविधियों पर पड़ा है। कुल मिलाकर देश विकट स्थिति में है।

# चीन से कारोबार को लेकर चिंता

ये तथ्य सचमुच बेतुका लगता है कि भारत में 95.8 फीसदी छातों और 92 प्रतिशत कृत्रिम फूलों की आपूर्ति चीन करता है। ये वो उत्पाद हैं, जिन्हें बनाने के लिए ना तो ज्यादा पूंजी की जरूरत है और ना ही किसी खास तकनीक या कौशल की। भारत के विदेश व्यापार के बारे में इस वर्ष के पहले छह महीनों के बारे में सामने आई जानकारी से स्पष्ट है कि चीन से कारोबार को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। जो परिस्थितियां हैं, उनके रहते चीन से व्यापार घाटा पाटने की कोई गुंजाइश नहीं दिखती। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) नाम की संस्था ने इस कारोबार का बारीक विश्लेषण पेश किया है। उसने कहा है कि चीन से हो रहे आयात से भारत के सूक्ष्म, लघु एव मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को क्षति पहुंच रही है। छातों, खिलौनों, कुछ प्रकार के वस्त्र, संगीत उपकरणों आदि की देश में होने वाली कुल खपत में आधे से ज्यादा हिस्सा चीनी आयात का है। तो सवाल वाजिब है कि फिर भारतीय छोटे उद्यम कैसे आगे बढ़ेंगे? जीटीआरआई ने कहा है– 'चीनी उत्पाद इतने सस्ते हैं कि भारतीय एमएसएमई के लिए उनसे प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाता है।

# पार्टियों की लड़ाई लोग भोग रहे नर्क

**अजीत द्विवेदी**

जिन लोगों को स्वर्ग और नर्क की अवधारणा में यकीन है या जिन लोगों ने गरुड़पुराण पढ़ा या सुना है उनको पता होगा कि नर्क कैसा होता है। वहां मवाद और खून की नदियां बहती हैं, खाने और पीने को कुछ नहीं मिलता है, विशाल आकार के दूत कोड़े और मुगदर से मारते हैं, कहीं आग से जलाया जाता है तो कहीं खौलते तेल की कड़ाही में डाल दिया जाता है आदि आदि। अगर सचमुच धरती से 99 सहस्त्र योजन दूर स्थित नर्क ऐसा ही है तो उसे देखने के लिए वहां जाने की कोई जरुरत नहीं है। दिल्ली के लोग खुश हो सकते हैं कि वे धरती पर ही उसके दर्शन कर रहे हैं। यहां यमुना नाम की एक पवित्र नदी है, जिसमें लगभग पूरे साल पानी नहीं होता है लेकिन दिल्ली की सडक़ों पर बने बड़े बड़े गड्ढों में बारिश के पानी की नदियां बहती रहती हैं और उनमें डूब कर लोग मरते रहते हैं।

इमारतों की बेसमेंट में भी बारिश के पानी की नदियां बहती हैं और उनमें भी डूब कर लोग मर जाते हैं। कहीं बेतरतीब बनी इमारतों में आग लग जाती है, जिससे लोग जल कर मर जाते हैं तो कहीं राह चलते करंट लग जाता है और लोग मर जाते हैं। यहां यमराज के दूत दुकानों पर सरेआम गोलियां चलाते हैं और करोड़, दो करोड़, पांच करोड़ की फिरौती की मांग करके जाते हैं। राह चलते झगड़े हो जाएं और लोग एक दूसरे का खून कर दें, यह तो बहुत सामान्य सी बात है। इसी तरह गाडिय़ों के नीचे कुचल कर लोगों का मर जाना भी बड़ी स्वाभाविक घटना है।जरा सी बारिश होती है तो सडक़ों पर इतना पानी जमा हो जाता है और रोड ओवर ब्रिजेज के नीचे ऐसी नदियां बहने लगती हैं कि सडक़ों पर ट्रैफिक पूरी तरह से रूक जाता है। लोग घंटों गाडिय़ों में बैठे रहते हैं। कायदे से बारिश के दिन में तो लोगों को अपनी गाडिय़ों में कई दिन के खाने पीने की चीजें लेकर ही निकलना चाहिए। दिल्ली के एक पुराने रहवासी ने पिछले दिनों अपने इलाके में जलभराव और ट्रैफिक जाम को लेकर सोशल मीडिया में लिखा कि उनके इलाके में तो ठीक से ओस गिर जाए तो पानी जमा हो जाता है। असल में ऐसा दिल्ली के कई इलाकों में होता है। सोचें, हमलोगों के पूर्वजों ने कहा कि, 'ओस चाटने से प्यास नहीं बुझती' और यहां ओस की वजह से ट्रैफिक जाम करने लायक जलभराव हो रहा है! यह अलग बात है कि प्यास बुझाने लायक पानी के लिए दिल्ली के लोगों को बड़ी मशक्कत करनी होती है। ज्यादातर समय पानी की किल्लत बनी ही रहती है।

कानून व्यवस्था का एक बड़ा संकट पहले से मौजूद है। बिहार और उत्तर प्रदेश में अब गैंगवार की खबरें कम आती हैं लेकिन दिल्ली में भाऊ गैंग, काला जठेड़ी गैंग, बवाना गैंग, बिश्नोई गैंग, बरार गैंग, हाशिम गैंग, बम्बिहा गैंग, कराला गैंग, टिल्लू गैंग, ठकठक गैंग, नमस्ते गैंग जैसे दर्जनों गैंग्स के बारे में रोज सुनने को मिलता है, जिनका शिकार बनने के लिए दिल्ली के लोग अभिशप्त हैं। अनेक गैंग तो दिल्ली के तिहाड़ जेल से ही संचालित हो रहे हैं। अभी बारिश, जलजमाव और ट्रैफिक की समस्या का समया है, थोड़े दिन के बाद प्रदूषण का समय आ जाएगा। तब लोगों का दम घुट रहा होगा और भाजपा व आम आदमी पार्टी के लोग एक दूसरे पर आरोप लगाने में लगे रहेंगे।

सवाल है कि देश की राजधानी, जहां राष्ट्रपति भवन है, जहां प्रधानमंत्री रहते हैं, देश के 140 करोड़ लोगों के सारे भाग्य विधाता रहते हैं और दुनिया के भर के देशों के राजदूत व उच्चायुक्त रहते हैं वह नर्क में कैसे तब्दील हो गई? दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की मानें तो इसे दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने नर्क बनाया है। उन्होंने अंग्रेजी के एक अखबार में लेख लिख कर यह बात कही है। हालांकि उन्होंने अपने लेख में जो विषय उठाएं हैं उनको छोड़ कर ज्यादा चर्चा इस बात पर हो रही है कि उप राज्यपाल होकर वे दिल्ली की चुनी हुई सरकार के बारे में ऐसा लिख सकते हैं या नहीं? इस बहस में उनके उठाए मुद्दे, जो सीधे दिल्ली की जनता से जुड़े हैं वे हाशिए में चले गए।

बहरहाल, उप राज्यपाल का यह विचार है तो दूसरी ओर चुनी हुई सरकार का यह कहना है कि उप राज्यपाल की वजह से दिल्ली नर्क बनी है क्योंकि वे काम नहीं करने दे रहे हैं। यह बात वह सरकार कह रही है, जिसके मुखिया दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। वे पिछले करीब छह महीने से जेल में हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। जाहिर है मुख्यमंत्री बाहर नहीं हैं तो कैबिनेट की बैठक नहीं हो रही है और कोई फैसला लोगों की जरुरतों या स्थितियों के मुताबिक नहीं हो रहा है। सब कुछ तदर्थ रूप से हो रहा है। सारे मंत्रियों के पास हर समस्या पर एक ही जवाब है कि उप राज्यपाल नहीं करने दे रहे हैं। सफाई क्यों नहीं हुई तो एलजी ने नहीं करने दिया। बरसात से पहले गाद क्यों नहीं निकाली, जबकि नगर निगम भी तुम्हारे पास है तो एलजी ने नहीं करने दिया। स्ट्रीट लाइट क्यों नहीं जल रही तो एलजी ने नहीं जलने दिया। सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं लगे तो एलजी ने नहीं लगने दिया।


कॉलेजों में शिक्षकों के वेतन में क्यों देरी है तो एलजी पैसे नहीं जारी कर रहे हैं। स्थायी शिक्षकों की बजाय स्कूलों में तदर्थ या अतिथि शिक्षक क्यों हैं तो एलजी ने नहीं होने दिया। अस्पतालों की हालत इतनी खराब क्यों है तो एलजी ने नहीं ठीक करने दिया। सडक़ों और पार्किंग की व्यवस्था क्यों नहीं हुई तो एलजी ने नहीं करने दिया। सर्दियों में प्रदूषण से निपटने के उपाय क्यों नहीं हुए तो एलजी ने नहीं करने दिया। मतलब एलजी कोई काम नहीं करने दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में पुराने और नए एलजी ने मिल कर सारे काम रोक दिए, एलजी सिर्फ एक ही काम नहीं रोक पाए और वह है चार बंगले तोड़ कर 50 करोड़ रुपए की लागत से मुख्यमंत्री का एक विशाल, चमकता हुआ बंगला तैयार करने का। वह काम कराने में दिल्ली सरकार को कोई बाधा नहीं आई। बाकी सारे काम एलजी रोक रहे हैं।

बहरहाल, केंद्र सरकार के बनाए जीएनसीटीडी एक्ट यानी गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरेटरी दिल्ली एक्ट के मुताबिक दिल्ली के उप राज्यपाल ही असली सरकार हैं।

# कुबेर के मेकर्स ने दिया जबरदस्त तोहफा, नए पोस्टर में दिखा धनुष—नागार्जुन का इंटेंस लुक

धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है. शेखर कम्मुला निर्देशित यह फिल्म 31 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. उसके पहले हाल ही में मेकर्स ने गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर मोस्ट अवेटेड फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है. जिसमें धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं. दोनों अपोजिट कैरेक्टर में हैं लेकिन दोनों के चेहरे पर ही गंभीरता और निडरता देखी जा सकती है.

कुबेर के मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जिसे देखते ही फैंस खुश और एक्साइटेड हो गए. धनुष जहां पूरी दाढ़ी और बढ़े हुए बालों के साथ एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अजीबोगरीब अपीयरेंस ने सभी को यह



सोचने पर मजबूर कर दिया है कि फिल्म किस बारे में होगी. दूसरी ओर नागार्जुन अक्किनेनी एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, उनका लुक काफी इंटेंस नजर आ रहा है. इनके अलावा, फिल्म में रश्मिका मंदाना, जिम सर्भ, दलीप ताहिल जैसे सितारे भी हैं. शेखर कम्मुला के साथ, फिल्म को एमिगोस क्रिएशन ने प्रोड्यूस किया है वहीं इसका म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने दिया है.

कुछ वक्त पहले ही कुबेर के एक पोस्टर में धनुष का मासूम चेहरा दिखाया गया है. बदन पर फटा और गंदा कपड़ा, लंबी दाढ़ी–मूंछ में धनुष की मासूमियत और गरीबी साफ दिखाई दे रही हैं. इस पोस्टर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्टर फिल्म में एक ऐसी पर्सनालिटी को रिप्रेजेंट करेंगे, जो अपनी गरीबी और समस्याओं से जूझ रहा है. वहीं 5 जुलाई, 2024 को मेकर्स ने कुबेर से रश्मिका मंदाना की पहली झलक शेयर की थी. वीडियो में एक्ट्रेस एक घने जंगल के अंदर जमीन खोदती है और उसके अंदर से उन्हें पैसे से भरा बैग मिलता है.

## जूनियर एनटीआर ने दिया सरप्राइज, देवरा के नए पोस्टर संग ट्रेलर की रिलीज डेट का किया एलान

अभिनेता जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म देवरा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक्टर ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। यह फिल्म इसी महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। उससे पहले दर्शकों को फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है, जिसकी रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म देवराः पार्ट–1 में जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। जूनियर एनटीआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से नया पोस्टर जारी किया है। इसके साथ लिखा है, आप सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही बताया है कि फिल्म का ट्रेलर 10 सितंबर 2024 को जारी होगा। फिलहाल नए पोस्टर पर यूजर्स की देखने लायक प्रतिक्रिया है।

# पथुम निसांका और तेज गेंदबाजों ने श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली। पथुम निसांका के नाबाद शतक के दमपर श्रीलंका ने इंग्लैंड को ओवल टेस्ट में 8 विकेट से हरा दिया। तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच जीतकर श्रीलंका ने इतिहास रच दिया। श्रीलंका को 10 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट जीत नसीब हुई। श्रीलंका ने आखिरी बार इंग्लैंड में साल 2014 में टेस्ट मैच जीता था। अब जाकर उसे जीत मिली है। हालांकि, इंग्लैंड ने 2–1 से सीरीज अपने नाम की। इंग्लैंड ने श्रीलंका को जीत के लिए 219 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे श्रीलंका ने चौथे दिन लंच से पहले ही दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। तीसरे दिन नाबाद लौटे पथुम निसांका ने नाबाद रहते हुए 127



रन की पारी खेली। अनुभवी बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज 32 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच 111 रन की साझेदारी हुई। कुसल मेंडिस 39 रन ही बना सके।

**श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी**

इससे पहले श्रीलंका के तेज गेंदबाजों ने कहर बरपाया था। इंग्लैंड की दूसरी पारी 156 रन पर सिमट गई थी। लहिरू कुमारा ने 7 ओवर में 21 रन देकर चार विकेट चटकाए थे तो विश्वा फर्नांडो ने 8 ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिए। इन दोनों की घातक गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज क्रीज पर पैर नहीं जमा सके। इंग्लैंड की दूसरी पारी में जेमी स्मिथ ने 67 रन की पारी खेली, जबकि सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं पार कर सके।

**इंग्लैंड में श्रीलंका की चौथी जीत**

इंग्लैंड की सरजमीं पर टेस्ट में यह श्रीलंका की चौथी जीत है। इससे पहले श्रीलंका ने 1998, 2006 और 2014 में जीत का स्वाद चखा है। इंग्लैंड की टीम ने सीरीज 2–1 से जीत ली। वहीं, इस जीत के साथ श्रीलंका की इंग्लैंड के खिलाफ लगातार सात हार का सिलसिला भी खत्म हो गया। पथुम निसांका को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस टेस्ट सीरीज के लिए कामिंदू मेंडिस और जो रूट को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया।

# सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2 की रिलीज डेट हुई अनाउंस

साल 1997 में रिलीज हुई जेपी दत्ता की बॉर्डर ब्लॉकबस्टर फिल्म थी. इस देशभक्ति से भरी मूवी में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी सहित कई कलाकारों ने अपनी दमदार एक्टिंग से दिल छू लिया था. वहीं अब इस फिल्म का मोस्ट अवेटेड सीक्वल आ रहा है. बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट के बाद से फैंस इस फिल्म की रिलीज डेट जानने के लिए बेसब्र हो रहे हैं. फाइनली मेकर्स ने बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. चलिए जानते हैं ये फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी?बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट के बाद से फैंस इसके सिनेमाघरों में रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं इस फिल्म में अहम रोल निभा रहे सनी देओल ने अपने



इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. पोस्ट मे लिखा गया है, बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी. यानी ये फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी. वहीं फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट ने फैंस की एक्साइटमेंट अब पीक लेवल पर कर दी है.बता दें कि हाल ही में बॉर्डर 2 का टीजर भी रिलीज हुई था. टीजर की शुरुआत सोनू निगम के गाने ए गुजरने वाली हवा बता, मेरा इतना काम करेगी क्या... इसके बाद वरुण धवन की आवाज आती है. दुश्मन की हर गोली से जय हिंद बोलकर टकराता हूं, जब धरती मां बुलाती है सब छोडक़र आता हूं. हिंदुस्तान का फौजी हूं मैं. इस टीजर के साथ सनी देओल ने अनाउंस किया था कि बॉर्डर 2 मे वरुण धवन की एंट्री हुई है. उन्होंने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, बॉर्डर 2 की बटालियन में फौजी वरुण धवन का वेलकम है. बॉर्डर 2का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. वहीं इस फिल्म को जेपी दत्ता, भूषण कुमार और निधि दत्ता प्रोड्यूस कर रहे हैं.

## पाकिस्तान क्रिकेट की हालत देख 'दादा' को आता है तरस

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि जावेद मियांदाद, वसीम अकरम, वकार यूनुस, सईद अनवर, मोहम्मद यूसुफ और यूनुस खान जैसे क्रिकेटरों को जन्म देने वाले पाकिस्तान में असली प्रतिभाओं की कमी हो गई है। उन्होंने पाकिस्तान की वर्तमान हालत देखकर चिंता जाहिर की।

हाल ही में राफ्ट कास्मिक ईवी का ब्रांड ने सौरव गांगुली को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इसी अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इसी कार्यक्रम में सौरव गांगुली ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के वर्तमान पर चिंता जाहिर की।

## शिकागो प्लेयर्स की टीम में भारतीय दिग्गज सुरेश रैना की एंट्री

नई दिल्ली। अमेरिका के ह्यूस्टन में शुरू हो रहे यूएस मास्टर्स टी10 के दूसरे सीजन में शिकागो प्लेयर्स की टीम में भारत के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज सुरेश रैना को शामिल किया गया है। यह लीग 8 नवंबर से खेली जाएगी। दूसरे सीजन से पहले शिकागो प्लेयर्स ने रैना को शामिल करके ट्रॉफी के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत किया है। इसके अलावा पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल और श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी इसुरु उदाना पहले से ही टीम का हिस्सा हैं। द शिकागो प्लेयर्स से जुड़ने पर सुरेश रैना ने कहा कि, मैं द शिकागो प्लेयर्स का हिस्सा बनकर काफी रोमांचित हूं और यूएस मास्टर्स टी10 जैसी लीग में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करना बहुत सम्मान की बात



है। टी20 के मुकाबले टी10 का खेल और भी तेज होता है और मैं इसका भरपूर आनंद लेता हूं। मुझे पूरी उम्मीद है हमारी टीम संयुक्त राज्य अमेरिका के क्रिकेट प्रशंसकों का भरपूर मनोरंजन करेगी।

इन प्रमुख खिलाडियों के अलावा टीम में न्यूजीलैंड के ताबड़तोड़ बल्लेबाज जेसी रायडर, भारतीय क्रिकेटर गुरकीरत सिंह, ईश्वर पांडे और अनुरीत सिंह भी टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यूएस मास्टर्स टी10 सीजन–2, 8 नवंबर से 17 नवंबर 2024 तक टेक्सास में खेला जाएगा। इसलिए जल्द ही क्रिकेट के सभी दिग्गज यूएसए में नजर आएंगे।

**फ्लोरिडा में खेला गया था पहला सीजन**

यूएस मास्टर्स टी10 का पहला सीजन 18 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक फ्लोरिडा में खेला गया था, जिसमें टेक्सास चार्जर्स ने फाइनल में न्यूयॉर्क वॉरियर्स को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

## रुद्रप्रयाग में साम्प्रदायिक पोस्टर लगना सरकार की विफलता

देहरादून। कांग्रेस ने रुद्रप्रयाग में साम्प्रदायिक पोस्टर लगाए जाने को सरकार की विफलता करार दिया। कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसोनी ने कहा कि अपराध और अपराधी को उसी नजर से देखा जाना चाहिए। न कि पूरी कौम को ही बदनाम और प्रतिबंधित किया जाए। अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के सरकार की पीठ थपथपाने पर भी सवाल उठाए।

कहा कि अपराध पर कार्यवाही की बजाय सरकार अपराध रोकने पर ध्यान दे। दसोनी ने कहा कि रुद्रप्रयाग में जिस तरह के होर्डिंग और पोस्टर लगाए जा रहे हैं, वह भी कुशासन का ही नमूना है। सरकार प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई खतरनाक नजीर पेश नहीं कर पा रही है।

# सचिव गृह शैलेश बगोली ने ली प्रदेश के यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक



देहरादून। सचिव गृह शैलेश बगोली ने प्रदेश एवं विशेषकर देहरादून और अन्य बड़े शहरों में यातायात को लेकर पुलिस एवं परिवहन विभाग सहित अन्य सम्बन्धित एजेन्सियों के साथ बैठक की। सचिव गृह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात की समस्या के निराकरण के लिए शीघ्र ही अल्पावधिक एवं दीर्घावधिक योजनाएं तैयार की जाएं। सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य से व्यापक कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यातायात निदेशालय देहरादून सहित सभी जनपदों में यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए कार्य करेगा।सचिव गृह ने यातायात संकुलन को दूर करने के लिए आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में कार्य कर रहे अन्य संस्थानों और एजेंसियों किए गए कार्यों का भी अध्ययन कराते हुए अपनी योजनाओं में शामिल किया जाए। उन्होंने अधिक यातायात संकुलन वाले स्थानों पर नयी पार्किंग चिन्हित करने के साथ ही नए सड़क मार्गों के निर्माण और पक्कीकरण पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। वाणिज्यिक संस्थानों, मॉल, रेस्टोरेंट आदि द्वारा अपनी पार्किंग को प्रयोग में लाने हेतु एन्फोर्समेंट बढ़ाया जाए।सचिव गृह ने शहर में रेहड़ी ठेली लगाने वालों के लिए मोबाईल वेंडिंग जॉन निर्धारित करने की दिशा पर भी कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रेड लाईट वायोलेशन डिटेक्शन (लालबत्ती उल्लंघन पहचान प्रणाली) को सुचारू किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि चौराहों पर ऑटोमेटेड रेड लाईट सिग्नल्स को बढ़ाया जाए। साथ ही अधिकतर समय ऑटोमेटेड मोड को चालू रखा जाए ताकि सिस्टम यातायात प्रवाह को सीख कर खुद को अपग्रेड कर सके। उन्होंने स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ लगातार सामंजस्य स्थापित करते हुए यातायात समस्याओं का निस्तारण किया जाए।इस अवसर पर विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल, आईजी एवं निदेशक यातायात अरूण मोहन जोशी, अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला अपराधों के खिलाफ कार्रवाई में ना हो कोई चूकः कुसुम कण्डवाल

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने डीजीपी अभिनव कुमार के साथ सोमवार को पुलिस मुख्यालय में बैठक की। इस बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने डीजीपी अभिनव कुमार से वार्ता करते हुए कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं।महिला अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। क्योंकि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। महिला सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाये गए हैं। जिससे अपराधी बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि देवभूमि में महिला सुरक्षा अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है जिसके लिए महिला आयोग और पुलिस को समन्वय बनाकर प्रयास करने होंगे। डीजीपी अभिनव कुमार ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# उत्तराखंड में 200 नदियां पुर्नजीवित और तीन सौ बुग्याल होंगे संरक्षित : वन मंत्री

देहरादून। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पहाड़ों में छोटी नदी, नालों और गधेरों पर मंडरा रहे अस्तित्व के खतरे पर चिंता जताते हुए उन्हें पुनर्जीवित करने के सरकार के संकल्प को दोहराया है। हिमालय दिवस पर नगर निगम सभागार में आयोजित हिमालय बचाओ अभियान कार्यक्रम में वन मंत्री ने कहा कि सरकार तकरीबन 200 छोटी नदियों, नालों, चाल–खाल के साथ ही साढ़े तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित करीब 300 बुग्यालों का संरक्षण करेगी। वन मंत्री ने हिमालय बचाओ अभियान को लेकर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के राज्य स्तर के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। वन मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि, पहाड़ में आम आदमी व जीवनशैली से सांस्कृतिक, पर्यावरणीय रुप से जुड़े वनों पर मंडरा रहे खतरे को सरकार भी महसूस करती है। हमारा जल भंडार तेजी से खत्म हो रहा है। बिना हिमालय, गंगा और वनों के मानवता की कल्पना भी मुश्किल है। ये नहीं रहे तो मानवता भी नहीं रहेगी। अनियंत्रित विकास ने हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण पर गंभीर संकट खड़ा किया है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। बर्फबारी में कमी आ रही है। पहाड़ में नदी, झरने, वन और गंगा नहीं रहेगी तो मानव जीवन भी नहीं रहेगा। 'जीरो वाटर कैपिटल के रुप में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर का उदाहरण दिया। जहां लोग भूगर्भ जल के खत्म होने की कगार के चलते अभूतपूर्व पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के लिए जनसहभागिता जरुरी है। हमें वनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी के भाव को बढ़ाना होगा। ग्लोबल वार्मिंग समाज के हरेक तबके के लिए भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है। पॉलीथिन का दुष्प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इस पर अंकुश के लिए सामूहिक जागरण की जरुरत है। हिमालय बचाओ अभियान के तहत इस मुहिम को लगातार जारी रख रहा है। जन सहभागिता के इस तरह के कार्यक्रम समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता**

हिन्दुस्तान हिमालय बचाओ अभियान के तहत 'हिमालय की चुनौतियां विषय पर राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के विजेता भी सोमवार को देहरादून नगर निगम टाउन हॉल में सम्मानित किए गए।


## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय, कोटद्वार (गढ़वाल)**

**दी0वा0सं0 56 सन् 2024**

प्रार्थी/वादी - अनसुया प्रसाद कण्डवाल पुत्र स्व0 सुरेश कुमार कण्डवाल, उम्र 61 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ेथ, पट्टी-लंगूर पल्ला-1, डाकघर काण्डाखाल, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, हाल निवासी लालपुर, पट्टी-सुखरौ, तहसील-कोटद्वार, जिला-पौड़ी गढ़वाल।

एवम्

प्रतिवादी- 1. श्री ज्योति प्रसाद उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व0 सुरेश कुमार कण्डवाल, निवासी ग्राम बड़ेथ, पट्टी-लंगूर पल्ला-1, डाकघर काण्डाखाल, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

2. ग्राम सभा बड़ेथ द्वारा प्रधान ग्रामसभा बड़ेथ, डाकघर काण्डाखाल, तहसील-कोटद्वार, जिला-पौड़ी गढ़वाल।

3. राजस्व उपनिरीक्षक ग्राम बड़ेथ डाकघर काण्डाखाल, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

4. आम जनता।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी ने अपने छोटे भाई प्रदीप कुमार जिसकी मृत्यु सन् 2017 में हो गई है कि पत्नी आनन्दी देवी ग्राम बड़ेथ, पट्टी-लंगूर पल्ला-1, तहसील कोटद्वार के दिनांक 30-07-2017 से लापता होने से आज तक किसी भी रिश्तेदार को जीवित अथवा मृत्यु होने के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए इस प्रकाशन द्वारा जनता को सूचित किया जाता है कि आनन्दी देवी को मृतक घोषित करने बावत् वादी ने जो वाद मेरे न्यायालय में दायर किया है यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति करनी हो तो वह दिनांक 04-10-2024 को समय 1:00 बजे सुबह न्यायालय में दर्ज करा सकता है अन्यथा वाद में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 03-09-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी किया गया है।

**सिविल जज**

**कोटद्वार (गढ़वाल)**

(0427/11)


# क्षण भंगुर जीवन का मान करने से क्या फायदा:विकसंत सागर

देहरादून। जैन धर्म के दसलक्षण पर्व के मौके पर दूसरे दिन गांधी रोड स्थित जैन धर्मशाला में सोमवार को जैन मुनि विकसंत सागर महाराज ने अपने प्रवचन में उत्तम मार्दव धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि मार्दव अर्थात मान (घमंड) तथा दीनता–हीनता का अभाव और वह नाश जब आत्मा के ज्ञान समेत होता है तो ह्यउत्तम मार्दव धर्म नाम पाता है। उन्होंने कहा कि जब सब कुछ क्षणभंगुर है, टिकने वाला नहीं है, कुछ समय पश्चात नाश हो जाएगा, तो किसका घमंड करना और किस बात की दीनता माननी। जब सभी जीवों के पास समान रूप से अनंत गुण हैं, तो किसी में भी क्या विशेषता रही। जब किसी में कोई विशेषता नहीं रही तो मान करने का अवसर कहा रहा। वहीं संध्याकालीन संस्कृतिक कार्यक्रमों में श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने नाटिका का मंचन किया। मुख्य अतिथि डीजी शिक्षा झरना कमठान ने दीप प्रज्वलित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्रों ने ण्मोकार मंत्र, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत गया। जैन धर्म के शिक्षाप्रद गीतों पर प्रस्तुति और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक किया। डॉ. शुभि गुप्ता ने पर्यूषण पर्व के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बताया। डीजी शिक्षा झरना कमठान ने श्री वर्णी जैन विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। संध्याकालीन बेला मे श्रीजी की आरती की गई। मीडिया प्रभारी मधु जैन ने बताया कि शहर गांधी रोड जैन धर्मशाला, माजरा, राजपुर, सरनीमल, क्लेमेनटाउन, झंडा मन्दिर में सभी श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना, प्रक्षाल, शांति धारा भक्ति भाव से किया जा रहा है। धर्म प्रेमियों द्वारा श्रीजी की भक्ति के लिए मंदिर की घंटियों से सारा वातावरण गूंज उठा। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष मनीष जैन, प्रबंधक संजय जैन, उत्सव समिति संयोजक संदीप जैन, अमित जैन, अर्जुन जैन, अजीत जैन, राजकिरण जैन, रमा जैन, शांति बहुगुणा, रेनू जैन, अमिता जैन, मधु जैन, सचिन जैन, सुनील जैन, प्रवीन जैन, संदीप जैन, डॉ. संजीव जैन आदि उपस्थित रहे।

## क्लेमनटाउन में तीन दोस्तों पर लूट के इरादे से हमला, एक गंभीर

देहरादून। क्लेमनटाउन क्षेत्र के चर्च लेन मार्ग पर तीन युवकों पर लूट के इरादे हमला किया गया। हमले में एक युवक चाकू लगने से गंभीर घायल हो गया।

मामले में क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना मृदुल रावत, अमन भट्ट और एकलव्य निवासी गोकुलधाम, क्लेमनटाउन के साथ घटी। तीनों सात सितंबर की देर रात बाइक से टर्नर रोड होते हुए आईएसबीटी जा रहे थे।

रास्ते में बस्ती के निकट कुछ अज्ञात युवकों ने उन्हें रोका।

# जिलाधिकारी देहरादून ने किया जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने आज जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी प्रातः 09.55 बजे सर्वे चौक स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय पंहुचे।

जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन सहित अन्य योजनाओं की ब्लॉक वार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की स्थिति का अवलोकन भी किया। साथ ही, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी योजना का आवेदन 07 दिन से अधिक लम्बित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। आवेदन लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समाज कल्याण कार्यालय में आने वाले लोगों से वार्ता भी की, उनकी समस्या सुनते हुए समाज कल्याण अधिकारी को शाम तक समस्या का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें इसके लिए पेंशन सम्बन्धी व अन्य प्रकरणों पर कोई भी आवेदन एक सप्ताह से अधिक लंबित ना रहे। आवेदन में कमियां पाए जाने की सूचना आवेदक को समय पर उपलब्ध कराते हुए कमियां दूर करते हुए अग्रिम प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। जिलाधिकारी ने सिस्टम ऑनलाईन होने के बावजूद योजनाओं के आवेदनों 15 से 18 दिन की पेंडेंसी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी की पेंशन योजना के आवेदन 7 दिन से अधिक लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण कार्यालय में अभिलेखों का ठीक से रख रखाव न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, अभिलेखों का उचित रखरख-ाव करने के निर्देश दिए।


# कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली गढ़वाल

पत्रांक : 494 /कृ0ए0भू0सं0अ0/ टेण्डर / भण्डार /2024-25, दिनांक 5/9/2024

## टेण्डर सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इकाई कार्य क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड एकेश्वर, पोखड़ा एवं जयहरीखाल में जिला योजना एवं आर0के0वी0वाई0 योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों के लिए कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई सतपुली में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 12.09.2024 से 20.09.2024 तक प्रातः 10.00 से सायं 3.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस को नकद निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 21.09.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली पौड़ी गढ़वाल कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा किये जायेगें। परियोजनाओं के सीलबन्द टेण्डरों के टेण्डर प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में स्वीकार किये जायेगें, जो उसी दिन दिनांक 21.09.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस निविदा हेतु गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग तकनीकी प्रपत्र में निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में एफ0डी0आर0 के रूप में जो कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली, के नाम से बन्धक हो एवं आगामी एक वर्ष तक वैद्य होनी चाहिये। बिना धरोहर धनराशि के टेण्डर प्रपत्र के द्वितीय भाग वित्तीय प्रपत्र को खोला नहीं जायेगा।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ति की अवधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकेश्वर जिला योजना | कुमराडी (अनु0) | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 2 | | खुलेऊ पीपली | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 3 | | मनकोट | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 4 | | चैधार | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 5 | | नौगॉव मवाणा अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 8000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 6 | | सुन्ना अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 8000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 7 | | रणस्वा अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 8 | | अन्सारी थापला | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 9 | | भण्डारी अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 10 | | डण्डा | तारबाड़/चैनलिंग | 6000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 11 | | गुराड | तारबाड़/चैनलिंग | 6000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 12 | | बंठोली अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 6400.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 13 | | भेडगॉव अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 6400.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 14 | आर0के0वी0वाई0 योजना | इसोटी | बहुउदेशीय टैंक | 6500.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 15 | पोखड़ा जिला योजना | खेडगांव | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 16 | | गवाणी | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 17 | | कुण्ज का बगर | तारबाड़/चैनलिंग | 6000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 18 | जयहरीखाल जिला योजना | सुकोली त0 कैलाणी तौक अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 19 | | रणाकोट | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 20 | | बन्दूण द्वितीय | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 21 | | मैन्दोली अनु0 | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |
| 22 | | देवडाली | तारबाड़/चैनलिंग | 7000.00 | 500+18% | तीन माह | डी0 |


सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। परियोजना स्थल एवं आगणन शर्त/नियम आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। किसी भी लिपिकीय/छपाई त्रुटि के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं है।

**प्रभारी कृषि भूमि एवं संरक्षण अधिकारी**

**सतपुली गढ़वाल**

(0428/23)







# सीडीओ अभिनव शाह के जनसुनवाई कार्यक्रम में 95 शिकायतें हुई प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में आज 95 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें अधिकतर मामले भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुए, इसके अतिरिक्त विद्युत, श्रम, नगर निगम, एमडीडीए, लोनिवि, एनएच, आदि विभागों से समबन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तथा आज प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही से अगली जनसुनवाई में वस्तुस्थिति से अवगत करायेगें ।जनसुनवाई में आज सारथी विहार निवासी महिला द्वारा शिकायत की गई कि एक व्यक्ति द्वारा उनके रास्ते को निजी भूमि बनाकर रास्ता बन्द कर दिया है, जिस पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए। विकासखण्ड सरहसपुर के ग्राम पंचायत बिलासपुर कांडली निवासियों द्वारा शिकायत की गई कि बिलासपुर कांडली क्षेत्रान्तर्गत भारत सरकार केसर हिन्द गौचर पंचायती भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है उनके द्वारा भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा पंचायत भूमि का सीमांकन करने की मांग की गई, जिस पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वही विकासखण्ड डोईवाला के ग्राम पंचायत लडवाकोट के प्लैड सौदना तोक में भूस्खलन से फसल को क्षति हुई है तथा मकान को खतरा बना हुआ है, जिस पर उप जिलधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत छरबा से लांघा रोड आद्यौगिक क्षेत्र से होरावाला तक सम्पर्क मार्ग को चौड़ा ने होने से जाम की स्थिति बनी रहती है जिसे ठीक कराने के अनुरोध पर उप जिलाधिकारी विकासनगर, लोनिवि को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलधिकारी हरिगिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल सहित, विद्युत, जोनिवि, सिंचाई, एमडीडीए, एनएच आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हैकेथान में छात्रों ने बताए कई बेहतरीन आइडिया

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में सोमवार को आजयोजित हैकेथान में छात्र–छात्राओं ने क्रान्तिकारी बदलाव लाने वाले समाधानों का प्रदर्शन किया इनमें वर्चुअल गार्डन जैसी नई तकनीकें शामिल हैं। देश के विभिन्न स्थानों को हैकेथान प्रतियोगिता के लिए चुना गया है जिसमें ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी भी शामिल है। हैकेथान में 153 टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं। हैकेथान में छात्र–छात्राएं विभिन्न समस्याओं के समाधानों को नई तकनीकों के जरिए निकालने में जुटी हुई हैं।

इसमें इमोशन सेंसर एआई, स्टडी मैनेजमेण्ट के लिए ईडू लर्न एआई, वारड्रोब मैनेजमेण्ट व ड्रेसिंग स्टाइल को और भी बेहतर बनाने वाले आधुनिक आईडियाज़ शामिल हैं। छात्र–छात्राओं के आईडियाज़ को डा. प्रभदीप सिंह, डा. सुमित पुण्डिर, डा. सरिश्मा डांगी, सिद्धान्त थपलियाल, अक्षय राजपूत परिक्षण करेंगे। हैकेथान में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को स्मार्ट इण्डिया हैकेथान में अपने आईडियाज़ व प्राटो टाइप को आगे ले जाने का मौका मिलेगा। हैकेथान में ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के 900 से अधिक छात्र–छात्राओं ने इसमें भाग लिया।


## जयन्त

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com